● जयपुर, सोमवार, 1 जुलाई 24● वर्ष 13● अंक 303● पृष्ठ : 8● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

सुविचार
''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ...
पेज @4 भाजपा हर चुनाव को मानती है महत्वपूर्ण, उपचुनावों की रणनीति...
पेज @8 » उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की पीडब्लूडी के कार्यों की समीक्षा...

# प्रदेश में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की शुरुआत

## किसानों की समृद्धि से ही प्रदेश और देश में आएगी खुशहाली : सीएम शर्मा

चमकता राजस्थान

टोंक! मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को टोंक में हुए राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की शुरुआत करते हुए एक तरह से लाभार्थियों के 'धन के भंडार' भर दिए। कार्यक्रम में स्टेज पर खड़े-खड़े ही मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर किसान सम्मान निधि सहित आधा दर्जन योजनाओं में करीब 1000 करोड़ की राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर कर दी। इसमें से अकेले 650 करोड़ रुपए तो मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रदेश के 65 लाख से अधिक किसानों को पहली किस्त के रूप में एक-एक हजार की राशि उनके के खाते में डाली गई। डीओआइटी के इटेक वीसी सैटअप के जरिए प्रदेश के 50 जिले कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़े रहे और कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। स्टेज पर अतिथियों के पीछे विशाल (30 फीट लम्बी और 12 फीट ऊंची) एलइडी वॉल (स्क्रीन) लगाई हुई थी। जिस पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया था। इससे पहले 11.50 बजे टॉक आने वाले मुख्यमंत्री करीब सवा



### कहा- सरकार किसान-युवा, महिलाओं और गरीब के लिए कर रही काम

दो घंटे देरी से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस दौरान पण्डाल में बैठे लोग खासकर महिलाएं गर्मी और उमस से परेशान ही गए। मुख्यमंत्री के आने के बाद करीब एक घंटे तक स्वागत-संवाद और राशि वितरण का कार्यक्रम चला। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं और लोग उठ उठकर जाने लगे।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने 20 मिनट के भाषण में किसान की समृद्धि पर फोकस रखा। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश की डबल इंजन सरकार की पहली प्राथमिकता किसान है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में पदभार ग्रहण करने के बाद किसान सम्मान निधि की राशि की पहली फाइल पर हस्ताक्षर करने का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली और जयपुर दोनों किसानों के लिए काम कर रहे हैं। उनका मानना है कि किसान समुद्ध होगा तो प्रदेश और देश अपने आप समृद्ध और खुशहाल हो जाएगा। किसानों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो इसके लिए ईआरसीपी योजना को लागू किया जा रहा है। इसके बाद सब जगह पानी ही पानी होगा। खासकर पूर्वी राजस्थान के दिन फिर जाएंगे। भजनलाल शर्मा ने कहा कि उनकी सस्कार किसान, युवा, महिलाओं और गरीब के लिए काम कर ही है।कार्यकर्ताओं ने आग्रह कर उन्हें वापस बैठाया। लोगों को जाता देख मुख्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रम को बीच में ही स्कवा दिया और सम्बोधन के लिए डायस पर आ गए। युवाओं युवाओं को किसान पुत्र के रूप में जोड़ते हुए कहा कि युवा अपना भविष्य बनाने के लिए गांव छोड़कर शहर आता है, मेहनत कर पढ़ाई करता है, नौकरी पाने से पहले पता लगता है कि पेपर तो लीक हो गया। पेपर हासिल करने वाले नौकरी पाने की दौड़ में आगे निकल रहे है। पिछली सरकार पेपर लीक रोकने में

- विभिन्न योजनाओं में लाभार्थियों को ऑनलाइन बांटे करीब एक हजार करोड़ रुपए
- टोंक में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय जोरदार समारोह

नकाम रही थी। उनकी सरकार ने सख्ती की और पेपर लीक से जुड़े 100 से अधिक लोग सलाकों के पीछे है। इनके आका कितने भी बड़े और तकतवर हो वे भी बच नहीं पाएंगे। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उनकी सरकार कलैण्डर के आधार पर नियुक्तियां-भर्ती करेगी। अभी दो दिन पहले ही उन्होंने प्रदेश के 22 हजार युवाओं को नियुक्ति पड़ा दिए हैं।

सरकार के अगले कदम बताए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बाजरे को भी एमएसपी से जोड़ेगी - किसानों को उनकी मांग के अनुरूप दिन में बिजली दी जाएगी दो साल में बिजली का उत्पादनबढ़ाने का लक्ष्य प्रदेश के बांधों-तालाबों को ईआरसीपी से जोड़कर उन्हें भरा जाएगा'लालों' ने भी किया सम्बोधित मुख्यमंत्री भजन लाल से पहले कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल, ऊर्जा मंत्री हीरालाल जलदाय मंत्री कन्हैयालाल, सहकारिता मंत्री गौतम जलदाय मंत्री के नेतृत्व में सीएम का स्वागत-अभिनन्दन मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के टोंक में हुए प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नेतृत्व में भारी संख्या में लाभार्थी उमड़े। मालपुरा से पहुंचे जनप्रतिनिधियो व भाजपा पदाधिकारियो ने जलदाय मंत्री के नेतृत्व में सीएम भजनलाल शर्मा की अगवानी कर स्वागत अभिनन्दन किया। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नेतृत्व में भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन, भाजपा शहा विशाल प्रतीक मालपुरा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता व नगरपालिका मालपुरा के अध्यक्ष रहे एडवोकेट राजकुमार जैन व मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन ने मुख्यमंत्री शर्मा को पुष्प गुच्छ प्रदान कर व राधा गोविन्द भगवान का चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचने पर मालपुरा पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने मुख्यमंत्री का अभिनन्दन कर संक्षिप्त रूप से नगर पालिका मालपुरा के बारे में जानकारी देकर व्याप्त समस्याओं के समाधान की मांग की।कुमार दक, किसान आयेग के अध्यक्ष सी आर चौधरी, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, निवाई पीपलू विधायक राम सहाय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता, सतीश चन्देल, जिला प्रमुख ने भी कार्यक्रम को सम्बंचित किया। अपने सम्बोधन में डॉ किरोड़ी लाल ने मंच पर 'लालों' की मौजूदगी का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि मंच पर मुख्यमंत्री को बड़ी माला पहनाई गई, उस माला में भजनलाल सहित कई लाल मौजूद रहे। पूर्व सांसद जीनापुरिया भी 'लाल' ही है। डॉ किरोड़ी ने सुखबीर सिंह जौनापुरिया की हार का जिक्र किया और कहा कि सरकार आप लोगों के लिए काम कर रही है, ऐसे में देवली उनियारा में विधानसभा उप चुनाव में लोकसभा वाली गलती मत कर देना। उनका इशारा भाजपा के प्रत्याशी को जिताकर भेजने का था।जिलाध्यक्ष मेहता की तार-ीफ की कार्यक्रम के बाद मंच से उतर कर जाने के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल ने कार्यक्रम में लोगों की भीड़ और उदां प्रबन्धन के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता को बचाई दी।

## एडमिरल त्रिपाटी के बाद अब आर्मी चीफ की कमान संभालेंगे उपेंद्र द्विवेदी

नई दिल्ली/एजेंसी।

भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी आज से सेना प्रमुख का अपना नया पदभार संभालेंगे। इसमें खास बात यह है कि इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब दो क्लासमेट अपने-अपने सेनाओं के प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे। बता दें, लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी और एडमिरल दिनेश त्रिपाठी आर्मी और नेवी के चीफ होंगे। जानकारी के मुताबिक नौसेना चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और नामित सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी मध्य प्रदेश के सैनिक स्कूल रीवा में 5वीं क्लास में एक साथ पढ़ते थे।



स्कूल टाइम से ही इन दोनों लोगों में काफी अच्छी दोस्ती है। वहीं सेना के अलग-अलग अंगों में जिम्मेदारी संभालने के बावजूद यह लोग हमेशा संपर्क में रहे। जानकारी के मुताबिक इनके रोल नंबर भी आसपास ही थे। जिसमें लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का रोल नंबर 931 और एडमिरल दिनेश त्रिपाठी का 938 था।

# आज से लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली/एजेंसी

देशभर में सोमवार से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे और औपनिवेशिक काल के कानूनों का अंत हो जाएगा. भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिश काल के क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे. नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी जिसमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, 'एसएमएस' (मोबाइल फोन पर संदेश) के जरिये समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल होंगे.

**● अब होंगी 358 धाराएं**

भारतीय दंड संहिता में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 हैं. दरअसल 'ओवरलैप' धाराओं का आपस में विलय कर दिया गया तथा उन्हें सरलीकृत किया गया है. जिससे भारतीय दंड संहिता की 511 धाराओं के मुकाबले



इसमें केवल 358 धाराएं होंगी.
'जीरो एफआईआर' से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है, भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं हुआ हो. इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और मामला तुरंत दर्ज किया जा सकेगा.

**● 45 दिन के भीतर आएगा फैसला**

नए कानूनों के तहत आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय किए जाएंगे. दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी. नए कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद के कृत्यों को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है और सभी तलाशी तथा जब्ती की कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य कर दिया गया है.

**● बच्चों को खरीदना, होगा बेचना जघन्य अपराध**

महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक नया अध्याय जोड़ा गया है, किसी बच्चे को खरीदना और बेचना जघन्य अपराध बनाया गया है और किसी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के लिए मृत्युदंड या उम्रकैद का प्रावधान जोड़ा गया है.
सूत्रों ने बताया कि शादी का झूठा वादा करने, नाबालिग से दुष्कर्म, भीड़ द्वारा पीटकर हत्या करने, झपटमारी आदि मामले दर्ज किए जाते हैं लेकिन मौजूदा भारतीय दंड संहिता में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं थे. उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता में इनसे निपटने के लिए प्रावधान किये गए हैं. ये तीनों कानून न्याय, पारदर्शिता और निष्पक्षता पर आधारित हैं.

**● इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से भी होंगी रिपोर्ट दर्ज**

नए कानूनों के तहत अब कोई भी व्यक्ति पुलिस थाना गये बिना इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करा सकता है. इससे मामला दर्ज कराना आसान और तेज हो जाएगा तथा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी. नए कानून में जुड़ा एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि गिरफ्तारी की सूरत में व्यक्ति को अपनी पसंद के किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार दिया गया है. इससे गिरफ्तार व्यक्ति को तुरंत सहयोग मिल सकेगा. इसके अलावा, गिरफ्तारी विवरण पुलिस थानों और जिला मुख्यालयों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा जिससे कि गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार और मित्र महत्वपूर्ण सूचना आसानी से पा सकेंगे.

**● दो महीने में होगी पूरी जांच**

नए कानूनों में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गयी है जिससे मामले दर्ज किए जाने के दो महीने के भीतर जांच पूरी की जाएगी. नए कानूनों के तहत पीड़ितों को 90 दिन के भीतर अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का अधिकार होगा. नए कानूनों में, महिलाओं व बच्चों के साथ होने वाले अपराध पीड़ितों को सभी अस्पतालों में निशुल्क प्राथमिक उपचार या इलाज मुहैया कराया जाएगा. यह प्रावधान सुनिश्चित करता है कि पीड़ित को आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल तुरंत मिले.

## मन की बात कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

# मां के नाम पेड़ लगाकर... ,ओलंपिक के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं



नई दिल्ली/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' रविवार (30 जून) यानी आज फिर से शुरू हो गया। इस दौरान पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा कि मैं आज देशवासियों को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 24 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें, 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कहा 'आज वो दिन आ ही गया जिसका हम सभी फरवरी से इंतज़ार कर रहे थे। मैं 'मन की बात' के माध्यम से एक बार फिर आपके बीच, अपने परिवारजनों के बीच आया हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं आपसे पूछूं कि दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता कौन सा होता है तो आप जरूर कहेंगे- 'मां'। हम सबके जीवन में 'मां' का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां, हर दुख सहकर भी अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है। हर मां, अपने बच्चे पर हर स्नेह लुटाती है। जन्मदात्री मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है, जिसे कोई चुका नहीं सकता। उन्होंने कहा कि हम मां को कुछ दे तो सकते नहीं, लेकिन, और कुछ कर सकते हैं क्या? इसी सोच में से इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान का नाम है- 'एक पेड़ मां के नाम'। मैंने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है। मैंने सभी देशवासियों से, दुनिया के सभी देशों के लोगों से ये अपील की है कि अपनी मां के साथ मिलकर, या उनके नाम पर, एक पेड़ जरूर लगाएं और मुझे ये देखकर बहुत खुशी है कि मां की स्मृति में या उनके सम्मान में पेड़ लगाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने आगामी ओलंपिक के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मैं जल्द ही भारतीय दल से मिलने वाला हूं। आप भी अपने-अपने तरीके से भारतीय टीम को शुभकामनाएं संदेश भेजें। आपकी उम्मीदें रंग लाएंगी और हम खेल में भी लगातार आगे बढ़ेंगे। इसके अलावा वर्ल्ड कप में टीम इंडिया को ढेरों बधाई। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने इतिहास रच दिया है। मेरी सभी से फोन पर बात भी हुई।

# एकै साधे सब सधे!

जीवन की डोर सांसों से बंधी होती है इसलिए सामान्य व्यवहार में सांस लेना जीवन के पर्याय या लक्षण के रूप में प्रचलित है। सांस अंदर लेना और बाहर निकालना एक स्वत:चालित स्वैच्छिक शारीरिक क्रिया है जो शरीर में दूसरी प्रक्रियाओं को प्रभावित करती है व शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सीधा असर डालती हैं। योग-विज्ञान में सांस लेना आध्यात्मिक विकास की राह भी है। तन-मन से स्वस्थ बने रहने का एक सरल नुस्खा भी है। योग के अंतर्गत प्राणायाम में सांस लेने के विभिन्न तरीकों पर विशेष रूप से चर्चा की गयी है। योगियों की अनेक उपलब्धियां का आधार सांसों के नियंत्रण में ही छिपा हुआ है। प्राणायाम का अर्थ होता है प्राण का विस्तार और उसकी अभिव्यक्ति। हमारा मन प्राण के साथ वैसे ही जुड़ा रहता है जैसे एक पतंग धागे से जुड़ी रहती है। धागा अच्छी तरह पकड़े रहते हैं या प्राण शक्ति नियंत्रित रहती है तो चंचल मन नियंत्रित और वांछित दिशा में सक्रिय होता है। सांस का विज्ञान प्राण को नियंत्रण में लाता है जिसके फलस्वरूप मन पर साधक का अधिकार स्थापित होता है।

वस्तुत: प्राण की ऊर्जा सम्पूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त है और वही शरीर में भी व्यक्त होती है। शरीर में प्राण-शक्ति के अनेक कार्य हैं जिनको ध्यान में रख कर पांच तरह के प्राणों की पहचान की गई है झ उदान, प्राण, समान, अपान और व्यान। उदान लेरीनेक्स के ऊपर के भाग में और विशिष्ट इंद्रियों से जुड़ा होता है। प्राण हृदय के आधार से लेकर लेरीनेक्स तक सक्रिय रहता है। यह वाक्शक्ति और श्वसन प्रणाली से जुड़ा है। समान हृदय और नाभि के बीच सक्रिय होता है और पाचन क्रिया से भी जुड़ा है। अपान नाभि के नीचे स्थित रहता है और किडनी तथा मूत्राशय आदि अन्य अंगों को प्रभावित करता है। व्यान पूरे शरीर में व्याप्त रहता है और सभी पेशियों और जोड़ों के संचालन से जुड़ा होता है। प्राण की ऊर्जा बहुत सूक्ष्म होती है जिसे श्वास के सभ्यास से नियंत्रित किया जाता है। श्वांसों पर नियंत्रण के लिए सांस अंदर लेने और बाहर निकालने, उसे रोकने आदि की गति, अवधि, तीव्रता तथा आवृत्ति आदि में बदलाव किया ज़ाता है। वस्तुत: कोई भी रोग हमारी प्राण शक्ति के प्रवाह में असंतुलन का परिणाम होता है। हमारी श्वास-प्रश्वास की प्रक्रिया प्राणिक ऊर्जा का मूल आधार होती है। हम सब एक दिन में लगभग 20,000 बार सांस लेते हैं। सांस को फेफड़े के अन्दर लेते समय हृदय गति बढ़ जाती है और सांस को बाहर निकालते हुए कम हो जाती है। हमारा तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) भी सांस की गति के प्रति संवेदनशील रहता है। हम अच्छी तरह सांस लेये हुए तनाव में कमी और अंदर से ऊर्जावान महसूस करते हैं। अपने सांस पर ध्यान देकर स्वास्थ और दीर्घायु पा सकते हैं।

रोचक बात यह है कि हम अपनी सांस लेने के क्रम को आवश्यकतानुसार बदल भी सकते हैं और अपनी पूरी शरीर-प्रणाली को प्रभावित कर सकते हैं। सांस का सायास प्रयोग कब शुरू हुआ यह तो मालूम नहीं पर भारत में निश्चय ही इसकी बड़ी पुरानी परंपरा मौजूद रही है। श्रीमद्भगवद्गीता में सांस लेना (पूरक), सांस को छोड़ना (रेचक) और सांस को रोकना (कुंभक) इन तीन प्रक्रियाओं का वर्णन मिलता है। तिबती परम्परा में भी इस पर बल दिया गया है। अनुष्ठान करने में, चिकित्सा में, अध्यात्म और धार्मिक अभ्यास में, ध्यान और शारीरिक कला-कौशल विकसित करने आदि सबमें श्वास-प्रश्वास का महत्त्व पाया गया है। वस्तुत: सांस लेना सिर्फ वायु का भौतिक रूप से गतिशील होना नहीं हैं। इसे ऊर्जा, शक्ति, प्राण, ब्रह्मानंद और आत्मा तक से भी जोड़ा गया है। योग की ज्ञान-परम्परा में प्राणिक ऊर्जा को नियमित करने और सकारात्माक रूप से संचारित करने के लिए प्राणायाम पर बल दिया गया है। चिकित्सा जगत की इसमें बहुत दिनों तक कोई खास रुचि न थी। बीसवीं सदी के मध्य तक आते-आते यह स्पष्ट हुआ कि श्वांस लेने और निकालने के दर (रेट) का स्वास्थ पर सीधा प्रभाव पड़ता है। दमा (अस्थमा) वस्तुत: श्वांस की कमी से जुडा है। उच्च रक्त चाप की चिकत्सा में भी यह बड़ा लाभप्रद पाया गया है। अब इसे वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के रूप में स्वीकृति मिल रही है।

तंत्रिका तंत्र के आधुनिक अध्ययन योग की श्वास-विधियों के प्रभावों की पुष्टि कर रहे हैं। खेल में तो खिलाड़ी युद्ध की सी चुनौती का अनुभव करता है। तब एक-एक पल का मूल्य होता है इसलिए खिलाड़ियों की भी रुचि इस दिशा में बढ़ रही है और इस पर विचार हो रहा है कि प्राचीन योग की श्वास-नियंत्रण की तरकीबें शरीर को साधने और श्वसन तंत्र को सुदृढ़ करने में कैसे मददगार होंगीं । इस पर भी शोध हो रहा है कि शरीर किस तरह अच्छी तरह आक्सीजन का उपयोग करे और कार्बन डाईआक्साइड को सहने की क्षमता को बढाये। श्वांस के महत्त्व की लोकप्रियता के बावजूद अभी भी ज्यादातर लोग जीवन के इस आधारभूत पक्ष पर उचित ध्यान नहीं देते हैं। यदि यह स्वायत्त तंत्रिका तंत्र की बात न होती तो बहुत से लोग इस कारण अकाल ही कालकवलित हो जाते कि वे काम के वक्त सांस लेना भूल गए थे। सांस सभी लेते हैं इसलिए अच्छी तरह सांस लेना एक जरूरी बात होते हुए भी उस पर ध्यान नहीं जाता। सांस का व्यायाम सबके लिए बेहद जरूरी है। काम ज्यादा हो, समयाभाव हो और आप श्वसन पर पर ध्यान देना चाहते हैं ताकि स्वास्थ्य सुधरे तो इस स्थिति में सबसे पहली बात है मुंह के बदले नाक से सांस लेने का अभ्यास करना चाहिए। इसमे आक्सीजन को रक्त में फैलाने के लिए अधिक मौका मिलता है इससे 10-20 प्रतिशत अधिक आक्सीजन मिलती है।

सांस लेने के तरीके को बेहतर बनाने के लिए मुद्रा (पाश्चर) पर भी ध्यान देना जरूरी होता है। खराब पाश्चर सांस लेने में मुश्किलें खड़ी करता है और व्यवधान वाले सांस लेने के तरीके से पेशीय प्रणाली प्रभावित होगी। पाश्चर को ठीक करने के लिए डायफ्राम पर गौर करना। जब सांस अंदर लेते हैं तो डायाफ़्राम नीचे जाता है, फेफड़ों में दबाव में अंतर आता है और वह वायु अंदर खीचता है। जब सांस छोड़ते हैं तो वह बाहर की ओर जाती है, डायफ्राम ऊपर जाता है और वायु बाहर जाती है। यहीं पर स्वाभाविक सांस लेने का रहस्य है- अंदर सांस लेना सक्रिय है और बाहर निकालना निष्क्रिय। सतही ढंग से वक्ष से सांस लेने की तुलना में डायफ्रॉम से सांस लेना कई तरह से फायदेमंद होता है। यह मानसिक या शारीरिक थकान से उपजे तनाव को कम करता है। अच्छी तरह से सांस लेने से प्रतिरक्षा तंत्र स्वस्थ और सशक्त होता है। अभ्यास के साथ सांस लेने पर नियंत्रण आये तो वह तनाव के प्रति प्रतिक्रया को प्रभावित करता है। यह एक बहुत बड़ी शक्ति है। इसके लिए योग में प्रयुक्त एक अभ्यास उपयोगी है जिसमें सांस अन्दर बाहर एक संख्या तक गिन कर करते हैं। सांस की उपयुक्त आरामदायक लम्बाई का पता चलता है और जब यह पता चल जाय तो लय को धीमा किया जा सकता है। यह प्रणाली शर्रर को चुस्त दुरुस्त रखने जरूरी है। इसे अवसाद और दुश्चिन्ता की चिकित्सा में भी उपयोगी पाया गया है। अपनी मानसिक प्रक्रियाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण सहायता आप मस्तिष्क और अन्य महत्वपूर्ण अंगों के लिए आक्सीजन उपलब्ध करा कर कर सकते हैं। इसकी कुंजी सांस लेने की दर में छिपी है। धीमी और आराम की सांस लेना लाभप्रद होता है। तीव्र और छिछली सांस ठीक विपरीत प्रभाव वाली होती है। जब आप नाक से सांस बाहर निकालते हैं तो मुंह से निकालने की अपेक्षा अधिक कार्बन रखते हैं इसलिए ज्यादा से ज्यादा नाक से सांस लेना का अभ्यास करना चाहिए।

# आखिर क्यों चुप्पी साध गयी पक्षियों की चहचाहट?



डॉ. सत्यवान सौरभ

पक्षियों को पर्यावरण की स्थिति के सबसे महत्वपूर्ण संकेतकों में से एक माना जाता है। क्योंकि वे आवास परिवर्तन के प्रति संवेदनशील हैं और पक्षी पारिस्थितिकीविद् के पसंदीदा उपकरण हैं। पक्षियों की आबादी में परिवर्तन अक्सर पर्यावरणीय समस्याओं का पहला संकेत होता है। चाहे कृषि उत्पादन, वन्य जीवन, पानी या पर्यटन के लिए पारिस्थितिक तंत्र का प्रबंधन किया जाए, सफलता को पक्षियों के स्वास्थ्य से मापा जा सकता है। पक्षियों की संख्या में गिरावट हमें बताती है कि हम आवास विखंडन और विनाश, प्रदूषण और कीटनाशकों, प्रचलित प्रजातियों और कई अन्य प्रभावों के माध्यम से पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

**बदल रहे हर रोज ही, हैं मौसम के रूप।**
**सर्दी के मौसम हुई, गर्मी जैसी धूप।।**
**सूनी बगिया देखकर, तितली है खामोश।**
**जुगनूं की बारात से, गायब है अब जोश।।**

हाल ही की एक रिपोर्ट, 'स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स बड्र्स' के अनुसार, दुनिया भर में मौजूदा पक्षी प्रजातियों में से लगभग 48 फीसदी आबादी गिरावट के दौर से गुजर रही है या होने का संदेह है। प्राकृतिक प्रणालियों के महत्वपूर्ण तत्वों के रूप में पक्षियों का पारिस्थितिक महत्व है। पक्षी कीट और कृंतक नियंत्रण, पौधे परागण और बीज फैलाव प्रदान करते हैं जिसके परिणामस्वरूप लोगों को ठोस लाभ होता है। कीट का प्रकोप सालाना करोड़ों डॉलर के कृषि और वन उत्पादों को नष्ट कर सकता है। पर्पल मार्टिंस लंबे समय से हानिकारक कीटनाशकों के स्वास्थ्य और पर्यावरणीय लागत (आर्थिक लागत का उल्लेख नहीं) के बिना कीट कीटों की आबादी को काफी हद तक कम करने के एक प्रभावी साधन के रूप में जाना जाता है।

**आती है अब है कहां, कोयल की आवाज।**
**बूढ़ा पीपल सूखकर, ठूंठ खड़ा है आज।।**
**जब से की बाजार ने, हरियाली से प्रीत।**
**पंछी डूबे दर्द में, फूटे गम के गीत।।**

पक्षी प्राकृतिक प्रणालियों में कीड़ों की आबादी को कम करने और बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूर्वी जंगलों में पक्षी 98 प्रतिशत तक बुडवार्म खाते हैं और 40 प्रतिशत तक सभी गैर-प्रकोप कीट प्रजातियों को खाते हैं। इन सेवाओं का मूल्य 5,000 डॉलर प्रति वर्ष प्रति वर्ग मील वन पर रखा गया है, संभावित रूप से पर्यावरण सेवाओं में अरबों डॉलर में अनुवाद किया जा सकता है। पक्षियों और जैव विविधता के नुकसान का सबसे बड़ा खतरा आवासों का विनाश और क्षरण है। पर्यावास के नुकसान में प्राकृतिक क्षेत्रों का विखंडन, विनाश और परिवर्तन शामिल है, जिन्हें पक्षियों को अपने वार्षिक या मौसमी



चक्र को पूरा करने की आवश्यकता होती है।

**फीके-फीके हो गए, जंगल के सब खेल।**
**हरियाली को रौंदती, गुजरी जब से रेल।।**
**नहीं रहे मुंडेर पर, तोते-कौवे-मोर।**
**लिए मशीनी शोर है, होती अब तो भोर।।**

1800 के दशक के बाद से अधिकांश पक्षी विलुप्त होने के लिए आक्रामक प्रजातियां जिम्मेदार हैं, जिनमें से अधिकांश समुद्री द्वीपों पर हुई हैं। उदाहरण के लिए, अकेले हवाई में, आक्रामक रोगजनकों और शिकारियों ने 71 पक्षी प्रजातियों के विलुप्त होने में योगदान दिया है। कुछ पक्षियों का अवैध शिकार वाणिज्यिक और निर्वाह उद्देश्यों के लिए, भोजन के लिए, या उनके पंखों के लिए किया जाता है। ऐतिहासिक रूप से, कुछ प्रजातियों का अत्यधिक शिकार विलुप्त होने का प्रमुख कारण रहा है। स्थानीय स्तर पर निर्वाह के शिकार के परिणामस्वरूप शायद ही कभी प्रजातियों का विलोपन होता है। व्यावसायिक शिकार से किसी प्रजाति के मरने की संभावना अधिक होती है।

**अमृत चाह में कर रहे, हम कैसे उत्थान।**
**जहर हवा में घोलते, हुई हवा तूफान।।**
**बेचारे पंछी यहां, खेलें कैसे खेल।**
**खड़े शिकारी पास में, ताने हुए गुलेल।।**

जलवायु परिवर्तन से आवास के नुकसान और आक्रामक प्रजातियों के खतरों के साथ-साथ नई चुनौतियों का निर्माण करने का खतरा है, जिन्हें पक्षियों को दूर करना होगा। इसमें आवास वितरण में बदलाव और चरम खाद्य आपूर्ति के समय में बदलाव शामिल है जैसे कि पारंपरिक प्रवासन पैटर्न अब पक्षियों को नहीं रख सकते हैं जहां उन्हें सही समय पर होने की आवश्यकता होती है। अन्य मानव निर्मित संरचनाओं के साथ टकराव भी एक इनकी मौत का कारण है। उदाहरण के लिए, पावरलाइन पक्षियों के लिए एक खतरा पेश करती है, विशेष रूप से बड़े पंखों वाले, और हर साल 25 मिलियन पक्षियों की मौत का अनुमान है। संचार टावरों का अनुमान है कि हर साल 7 मिलियन पक्षियों की मौत हो जाती है और रात में प्रवास करने वाले पक्षियों के लिए एक विशेष खतरा पैदा होता है।

**वाहन दिन पर दिन बढ़े, खूब मचाये शोर।**
**हवा विषैली हो गई, धुआं चारों ओर।।**
**बिन हरियाली बढ़ रहा, अब धरती का ताप।**
**जीव-जगत नित भोगता, कुदरत के संताप।।**

कीटनाशक और अन्य विषाक्त पदार्थ के कारण यूएस फिश एंड वाइल्ड लाइफ सर्विस का अनुमान है कि हर साल लगभग 72 मिलियन पक्षी कीटनाशक विषाक्तता से मर जाते हैं। पक्षियों पर कीटनाशकों के वास्तविक प्रभाव का आकलन करना मुश्किल हैः प्रदूषण और विषाक्त पदार्थ उप-घातक प्रभाव पैदा कर सकते हैं जो सीधे पक्षियों को नहीं मारते हैं, लेकिन उनकी लंबी उम्र या प्रजनन दर को कम करते हैं। कीटनाशकों के अलावा, भारी धातुओं (जैसे सीसा) और प्लास्टिक कचरे सहित अन्य संदूषक भी पक्षियों के जीवन काल और प्रजनन सफलता को सीमित करते हैं। तेल और अन्य ईंधन रिसाव का पक्षियों, विशेष रूप से समुद्री पक्षियों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। तेल पक्षियों के पंखों का सबसे बड़ा दुश्मन है है, जिससे पंख अपने जलरोधक गुणों को खो देता है और पक्षी की संवेदनशील त्वचा को अत्यधिक तापमान में झुलसा देता है।

**जीना दूभर है हुआ, फैले लाखों रोग।**
**जब से हमने है किया, हरियाली का भोग।।**
**शहरी होती जिंदगी, बदल रहा है गांव।**
**धरती बंजर हो गई, टिके मशीनी पांव।।**

दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त पक्षी प्रजातियों की रक्षा करें,महत्वपूर्ण जैव विविधता वाले क्षेत्रों में पक्षी सर्वेक्षण करना,पक्षियों की रक्षा के लिए आर्द्रभूमि की रक्षा करें संरक्षण रणनीति में जनसंख्या बहुतायत और परिवर्तन का विश्वसनीय अनुमान लगाना शामिल है। अधिक कटाई वाले जंगली पक्षियों की मांग में कमी के लिए नए और अधिक प्रभावी समाधान बड़े पैमाने पर लागू किए गए। हरित ऊर्जा संक्रमण की निगरानी करना जो अनुपयुक्त तरीके से लागू किए जाने पर पक्षियों को प्रभावित कर सकते हैं।

**रोज प्रदूषण अब हरे, धरती का परिधान।**
**मौन खड़े सब देखते, मुंह ढांके हैरान।।**
**हरे पेड़ सब कट चले, पड़ता रोज अकाल।**
**हरियाली का गांव में, रखता कौन ख्याल।।**

पक्षी पर्यावरणीय स्वास्थ्य के अत्यधिक दृश्यमान और संवेदनशील संकेतक हैं। उनका नुकसान जैव विविधता के व्यापक नुकसान और मानव स्वास्थ्य और कल्याण के लिए खतरे का संकेत देता है। इस प्रकार, हमें तेजी से बड़े पैमाने पर विलुप्त होने की गति को कम करने के लिए प्रकृति पर बढ़ते मानव पदचिह्न को कम करने के लिए सरकार, पर्यावरणविदों और नागरिकों के समन्वित कार्यों की आवश्यकता है।

**सच्चा मंदिर है वही, दिव्या वही प्रसाद।**
**बंटते पौधे हों जहां, संग थोड़ी हो खाद।।**
**पेड़ जहां नमाज हो, दरख्त जहां अजान।**
**दरख्त से ही पीर सब, दरख्त से इंसान।।**

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# बेमानी नहीं है संविधान पर छिड़ी बहस



तनवीर जाफरी

18वीं लोकसभा में अधिकांश विपक्षी सांसदों द्वारा शपथ ग्रहण के बाद 'जय संविधान ' के स्वर बुलंद करना और अपने हाथों में संविधान की प्रतियां लेकर शपथ ग्रहण करना अनायास ही नहीं था। वास्तव में नई लोकसभा में इस मुद्दे पर विमर्श की शुरुआत तो तभी हो चुकी थी जब तीसरी बार सरकार बनाने जा रहे नरेंद्र मोदी नई लोकसभा निर्वाचित होने के बाद जब पहली बार संसद भवन के सेंट्रल हॉल में एनडीए संसदीय दल की बैठक में पहुंचे उस समय उन्होंने सबसे पहले भारतीय संविधान को अपने हाथों में ससम्मान उठाकर अपने मस्तक से लगाया और संविधान को नमन करने के बाद एनडीए की बैठक में शामिल हुए। अपनी एक्स पोस्ट में उन्होंने यह तस्वीर भी सांझी की। संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद मोदी ने कहा कि 'हम नेशन फर्स्ट के सिद्धांत पर काम करेंगे और सबको साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हम मध्यम वर्ग को मज़बूत करेंगे और सर्वधर्म सद्भाव के सिद्धांत पर काम करेंगे।' प्रधानमंत्री द्वारा संविधान को मस्तक से लगाने के बाद ही विपक्ष ने भी यह ज़रूरी समझा कि चूँकि 2024 के लोकसभा चुनाव में 'संविधान बचाओ ' विपक्ष द्वारा उठाया गया एक मज़बूत मुद्दा था लिहाज़ा क्यों न उसके निर्वाचित सांसद में अपने पहले प्रवेश में हाथों में संविधान की प्रति रखें और 'जय संविधान ' का स्वर संसद में बुलंद कर देश व दुनिया को यह सन्देश दें कि संविधान बचाने की असली लड़ाई दरअसल विपक्षी दलों यानी इण्डिया गठबंधन द्वारा लड़ी गयी है। सवाल यह है कि 'संविधान खतरे में है ' या संविधान बदला जा सकता है,इस विमर्श की शुरुआत हुई कहाँ से? विपक्षी दलों के किसी नेता ने तो संविधान बदलने की बात नहीं की? जिस अयोध्या विवाद को राजनैतिक मुद्दा बनाकर भाजपा ने स्वयं को स्थापित किया उसी (फ़ैज़ाबाद) लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने लोकसभा चुनाव के दौरान ही यह विवादित बयान किसके इशारे पर दिया कि - 'सरकार बनाने के लिए 272 सांसद चाहिए लेकिन संविधान संशोधन या संविधान बदलने के लिए दो तिहाई बहुमत चाहिए, नियम बदलना होगा और संविधान भी बदलना होगा'? ठीक उसी दौरान राजस्थान के नागौर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार ज्योति मिर्धा ने भी सार्वजनिक तौर पर कहा कि -'संवैधानिक बदलाव के लिए लोकसभा और राज्यसभा में प्रचंड बहुमत होना चाहिए'। इसी तरह मेरठ से बीजेपी प्रत्याशी अरुण गोविल ने भी बीच चुनाव में कहा कि " जब हमारे देश का संविधान बना था उसमें धीरे-धीरे परिस्थितियों के हिसाब से बदलाव हुए हैं। बदलाव करना प्रगति की निशानी होती है, उसमें कोई खराब बात नहीं है। तब परिस्थितियां कुछ और थीं, आज की परिस्थितियां कुछ और हैं। संविधान किसी एक व्यक्ति की मर्ज़ी से नहीं बदलता है, सर्वसम्मति होती है तो बदलता है, अगर ऐसा कुछ होगा तो किया जाएगा। 'जब गोविल से पूछा गया कि क्या 400 पार का नारा इसलिए दिया गया है क्योंकि सरकार की ऐसा कुछ बड़ा करने की इच्छा है? " इस सवाल पर गोविल का जवाब था कि , "मुझे ये महसूस होता है, क्योंकि मोदी जी ऐसे ही कोई बात नहीं कहते हैं, उसके पीछे कोई ना कोई अर्थ ज़रूर होता है." क्या भाजपा लोकसभा प्रत्याशियों द्वारा उसी संविधान के लिए इतनी गंभीर बातें किया जाना जिसे स्वयं प्रधानमंत्री सर माथे लगा रहे हैं,कोई मामूली बात है? विपक्ष आखिर इसे मुद्दा क्यों न बनाये?

इसी तरह कर्नाटक से छह बार बीजेपी के सांसद रहे अनंत कुमार हेगड़े ने भी संविधान बदलने को लेकर गंभीर बयान दिया था। हेगड़े ने गत 28 वर्षों में भाजपा प्रत्याशी के रूप में छह बार उत्तर कन्नड़ लोकसभा सीट से जीत हासिल की है लिहाज़ा उनके बयान को भी हल्के से नहीं लिया जा सकता। उन्होंने यह दावा किया था कि ' भाजपा का 400 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य संविधान को बदलना है। हेगड़े ने एक सभा में कहा था कि "संविधान को 'फिर से लिखने' की ज़रूरत है। कांग्रेस ने इसमें अनावश्यक चीज़ों को ज़बरदस्ती भरकर संविधान को मूल रूप से विकृत कर दिया है, खासकर ऐसे कानून लाकर जिनका उद्देश्य हिंदू समाज को दबाना था, अगर ये सब बदलना है, तो ये मौजूदा बहुमत के साथ संभव नहीं है।" हेगड़े ने कहा था कि "ये किया जा सकता है, क्योंकि लोकसभा में अभी कांग्रेस नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत है, फिर भी चुप रहें, तो ये संभव नहीं है। " उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि पार्टी को राज्यसभा और राज्यों में भी दो-तिहाई बहुमत की ज़रूरत है।' इसी तरह देश में और भी अनेक भाजपाई नेता व मंत्री आदि 400 पार के नारे से उत्साहित होकर इसी आशय के बयान देते रहे। जब भाजपा के प्रमुख नेताओं द्वारा इस तरह के संविधान विरोधी बयान दिये जा रहे थे, तत्काल रूप से विपक्ष उन बयानों को मुद्दा बनाकर भाजपा को संविधान विरोधी ठहरा देता था। नतीजतन 'डैमेज कंट्रोल' के लिये उसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मुद्दे पर स्वयं मोर्चा संभालना पड़ा था। विपक्ष के बार-बार ये कहने पर कि भाजपा संविधान को बदलना चाहती है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पलटवार करते हुए एक चुनावी रैली में यह जवाब देना पड़ा था 'कि उनकी सरकार संविधान का सम्मान करती है और यहां तक कि बाबा साहेब खुद भी आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर पाएंगे।' परन्तु सवाल यह है कि भाजपा ने संविधान बदलने की बात करने वाले किसी भी नेता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की? इसके अलावा इस समय हिन्दू राष्ट्र निर्माण की बातें करना भी गोया फैशन बन गया है। भाजपा व संघ के तमाम लोग, साधू, प्रवचन कर्ता, सरे आम हिन्दू राष्ट्र निर्माण की पुरज़ोर वकालत करते दिखाई दे रहे हैं। यह मांग ही अपने आप में संविधान विरोधी है। इस मांग का मतलब यही है कि हिन्दू राष्ट्र की मनोकामना रखने वालों को संविधान में दर्ज 'हम भारत के लोग' और धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्द पसंद नहीं?

इसी तरह सत्ता समर्थक नेताओं की तरफ से ही कभी आरक्षण समाप्त करने तो कभी इस पर पुनर्विचार करने की बातें की जाती हैं। ज़ाहिर है आरक्षण का लाभ उठाने वाला वर्ग इसे अपने लिये खतरा समझता है। परन्तु भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से इन विषयों को लेकर अपनी स्थिति संभवतः इसलिये स्पष्ट नहीं की गयी क्योंकि उसे विश्वास था कि भाजपा पूर्ण बहुमत में आकर संविधान सम्बन्धी अपने उन मंसूबों को पूरा करेगी जो उनके नेताओं द्वारा सांकेतिक तौर पर उठाये जा रहे थे।

# कत्ल अब 302 में नहीं 101 में होगा दर्ज, एक जुलाई से लागू नया कानून!



मनोज कुमार अग्रवाल

एक जुलाई से तीन नए क्रिमिनल लॉ लागू होने जा रहे हैं. 1860 में बनी इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) ले लेगी। भारतीय न्याय संहिता में कई अपराधों में कानून को पहले से ज्यादा सख्त कर दिया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता अपराधिक प्रक्रिया संहिता को रिप्लेस करेगी। इसमें अब 533 धाराएं रहेंगी। 160 धाराओं को बदल दिया गया है, 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 9 धाराओं को निरस्त किया गया है।

भारतीय न्याय संहिता भारतीय दंड संहिता को रिप्लेस करेगी। इसमें पहले की 511 धाराओं के स्थान पर अब 356 धाराएं होंगी। 175 धाराओं में बदलाव किया गया है, 8 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 22 धाराओं को निरस्त किया गया है। भारतीय साक्ष्य विधेयक साक्ष्य अधिनियम को रिप्लेस करेगा। इसमें पहले की 167 के स्थान पर अब 170 धाराएं होंगी, 23 धाराओं में बदलाव किया गया है, 1 नई धारा जोड़ी गई है और 5 धाराएं निरस्त की गई हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ये तीनों पुराने कानून गुलामी की निशानियों से भरे हुए थे, इन्हें ब्रिटेन की संसद ने पारित किया था, कुल 475 जगह गुलामी की इन निशानियों को समाप्त कर नए कानून लेकर आए हैं। कानून में दस्तावेज़ों की परिभाषा का विस्तार कर इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉड्र्स, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटॉप्स, एसएमएस, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य, डिवाइस पर उपलब्ध मेल, मैसेजेस को कानूनी वैधता दी गई है। पुलिस प्राथमिकी से केस डायरी, केस डायरी से चार्जशीट और चार्जशीट से जजमेंट तक की सारी प्रक्रिया को डिजिटलाइज़ करने का प्रावधान इस कानून में किया गया है।

भारतीय दंड संहिता में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के जरिए इसमें 20 नए अपराध शामिल किए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई है। 83 अपराधों में जुर्माने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान है।

छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है। रेप, गैंगरेप और चाइल्ड किडनैपिंग से जुड़े अपराधों में सजा सख्त कर दी गई है. कुछ अपराध ऐसे हैं, जिनमें अगर उम्रकैद की सजा सुनाई जाती है तो फिर दोषी जेल से जिंदा बाहर नहीं आ सकेगा।

**धारा 65:** भारतीय न्याय संहिता की धारा 65 के तहत, अगर किसी व्यक्ति को 16 साल से कम उम्र की किसी लड़की से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराया जाता है, तो उसे कम से कम 20 साल की जेल की सजा हो सकती है। सजा को उम्रकैद तक भी बढ़ाया जा सकता है और ऐसे में दोषी को जिंदा रहने तक जेल में रहना होगा।

**धारा 66:** अगर दुष्कर्म के दौरान किसी महिला की मौत हो जाती है या फिर वो कोमा जैसी अवस्था में पहुंच जाती है, तो ऐसे मामलों में दोषी को कम से 20 साल की सजा होगी, जिसे उम्रकैद तक बढ़ाया जा सकेगा। इस अपराध में भी उम्रकैद की सजा होने पर दोषी जिंदा नहीं बाहर आ सकेगा।

**धारा 70:** ये धारा गैंगरेप से जुड़ी है। इसी धारा में नाबालिग से दुष्कर्म के अपराध के लिए भी सजा का प्रावधान किया गया है। दोनों ही मामलों में गैंगरेप के सभी दोषियों को कम से कम 20 साल की सजा होगी। इसमें जुर्माने का प्रावधान है, जो पीड़िता को दिया जाएगा। इसके अलावा सजा को उम्रकैद तक बढ़ाया जा सकेगा, जिसमें दोषी को जिंदा रहने तक जेल में ही रहना होगा।

**धारा 71:** अगर किसी व्यक्ति रेप या गैंगरेप से जुड़े किसी मामले में दोषी ठहराया जा चुका हो और फिर से इसी अपराध में दोषी करार दिया जाता है तो उसे जिंदा रहने तक उम्रकैद की सजा काटनी होगी।

**धारा 104:** उम्रकैद की सजा काट रहा दोषी अगर किसी की हत्या करता है तो उसे सजा-ए-मौत या फिर उम्रकैद की सजा सुनाई जा सकती है। इस अपराध में भी उम्रकैद की सजा मिलने पर दोषी जिंदा बाहर नहीं आ सकेगा।

**धारा 109:** इस धारा के सब-सेक्शन 2 के तहत, अगर हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा कैदी किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है तो उसे सजा-ए-मौत या फिर उम्रकैद की सजा हो सकती है। उम्रकैद की सजा होने पर कैदी को जिंदगीभर जेल में ही रहना होगा।

**धारा 139:** अगर कोई व्यक्ति किसी बच्चे का अपहरण उससे भीख मंगवाने के लिए करता है तो दोषी पाए जाने पर उसे 10 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। धारा 139(2) के तहत, अगर भीख मांगने के मकसद से बच्चे को अपंग किया जाता है तो फिर दोषी को जीवनभर के लिए उम्रकैद की सजा काटनी होगी।

**धारा 143:** ये धारा मानव तस्करी से जुड़े अपराध के लिए सजा का प्रावधान करती है। अगर कोई व्यक्ति एक से ज्यादा बार किसी बच्चे की तस्करी में शामिल होने का दोषी पाया जाता है तो उसे जिंदगीभर के लिए उम्रकैद की सजा सुनाई जाती है।

**धारा 143(7)** के तहत अगर कोई सरकारी सेवक या पुलिसकर्मी किसी व्यक्ति की तस्करी में शामिल होने का दोषी पाया जाता है तो उसे भी जीवनभर के लिए उम्रकैद की सजा सुनाई जाती है। आमतौर पर ये माना जाता है कि उम्रकैद की सजा 14 साल या 20 साल की होती है। लेकिन ऐसा नहीं है। 2012 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में साफ कर दिया था कि उम्रकैद की सजा का मतलब आजीवन कारावास से है। यानी, अगर किसी दोषी को उम्रकैद की सजा मिली है तो उसे जिंदा रहने तक जेल में रहना होगा.हालांकि, कोर्ट का काम सिर्फ सजा सुनाना है और उस सजा को एग्जीक्यूट करने का काम राज्य सरकार का है। कानूनन अगर किसी कैदी को उम्रकैद की सजा मिली है तो उसे कम से कम 14 साल की सजा काटनी होगी। उम्रकैद की सजा पाया कोई कैदी 14 साल जेल में काट लेता है तो उसके केस को सेंटेंस रिव्यू कमेटी के पास भेजा जाता है। कैदी के बर्ताव को देखते हुए कमेटी उसकी सजा को कम कर सकती है। यही कारण है कि उम्रकैद की सजा पाया कोई कैदी 14 या 20 साल में छूट जाता है। लेकिन भारतीय न्याय संहिता में जिन अपराधों में जिंदा रहने तक उम्रकैद की सजा काटने का प्रावधान है, उनमें कैदी की सजा को माफ नहीं किया जा सकेगा।

**धारा 124:** आईपीसी की धारा 124 राजद्रोह से जुड़े मामलों में सजा का प्रावधान रखती थी। नए कानूनों के तहत 'राजद्रोह' को एक नया शब्द 'देशद्रोह' मिला है यानी ब्रिटिश काल के शब्द को हटा दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में अध्याय 7 में राज्य के विरुद्ध अपराधों कि श्रेणी में 'देशद्रोह' को रखा गया है।

**धारा 144:** आईपीसी की धारा 144 घातक हथियार से लैस होकर गैरकानूनी सभा में शामिल होना के बारे में थी। इस धारा को भारतीय न्याय संहिता के अध्याय 11 में सार्वजनिक शांति के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में रखा गया है। अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 187 गैरकानूनी सभा के बारे में है।

**धारा 302:** पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 के तहत आरोपी बनाया जाता था। हालांकि, अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 के तहत सजा मिलेगी। नए कानून के अनुसार, हत्या की धारा को अध्याय 6 में मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध कहा जाएगा।

**धारा 307:** नए कानून के अस्तित्व में आने से पहले हत्या करने के प्रयास में दोषी को आईपीसी की धारा 307 के तहत सजा मिलती थी। अब ऐसे दोषियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत सजा सुनाई जाएगी। इस धारा को भी अध्याय 6 में रखा गया है।

**धारा 376:** दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को पहले आईपीसी की धारा 376 में परिभाषित किया गया था। भारतीय न्याय संहिता में इसे अध्याय 5 में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में जगह दी गई है। नए कानून में दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को धारा 63 में परिभाषित किया गया है। वहीं सामूहिक दुष्कर्म को आईपीसी की धारा 376 डी को नए कानून में धारा 70 में शामिल किया गया है।

**धारा 399:** पहले मानहानि के मामले में आईपीसी की धारा 399 इस्तेमाल की जाती थी। नए कानून में अध्याय 19 के तहत आपराधिक धमकी, अपमान, मानहानि, आदि में इसे जगह दी गई है। मानहानि को भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 में रखा गया है।

**धारा 420:** भारतीय न्याय संहिता में धोखाधड़ी या ठगी का अपराध 420 में नहीं, अब धारा 316 के तहत आएगा। इस धारा को भारतीय न्याय संहिता में अध्याय 17 में संपत्ति की चोरी के विरूद्ध अपराधों की श्रेणी में रखा गया है।

दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने ले ली है। सीआरपीसी की 484 धाराओं के बदले भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। नए कानून के तहत 177 प्रावधान बदले गए हैं जबकि नौ नई धाराएं और 39 उपधाराएं जोड़ी हैं। इसके अलावा 35 धाराओं में समय सीमा तय की गई है। वहीं, नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 170 प्रावधान हैं। इससे पहले वाले कानून में 167 प्रावधान थे। नए कानून में 24 प्रावधान बदले हैं।

अभी पुलिस अभियोजन वकीलों और जजों को नए कानून और प्रक्रिया संहिता के बदलाव को समझना जांचना और लागू करना भी कम मुश्किल नहीं है इस के लिए सरकार गोष्ठियों व अन्य माध्यमों से जागरूकता व प्रशिक्षण दे रही है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## एक नजर

### ईनोवा कार से 2 क्विंटल 28 किलो अवैध डोडा चुरा जब्त, एक आरोपी गिरफतार



**चमकता राजस्थान, जयपुर/ चित्तौड़गढ़ (खलील कुरैशी)।** सदर थाना पुलिस ने शनिवार को हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान एक ईनोवा कार से 228 किलोग्राम अवैध डोडाचुरा जब्त कर आरोपी मनप्रीत सिंह उर्फ़ मन्नू पुत्र बलबीर सिंह (34) निवासी थाना भगता पाई जिला भटिंडा पंजाब को गिरफ़्तार किया हैं। पुलिस ने गाड़ी को स्टॉपस्टिक व बेरियर की मदद से रोका पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ के लिए एएसपी चित्तौड़गढ़ परबत सिंह व सीओ तेजकुमार पाठक के निर्देशन, थानाधिकारी सदर गजेन्द्र सिंह के सुपरविजन एवं हेड कांस्टेबल महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शनिवार को हाईवे पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौराने कोटा नीमच की तरफ से ईनोवा कार लेकर आ रहे चालक रुकने का ईशारा करने पर भागने लगा, गाड़ी को स्टोपस्टीक एवं बैरीयर लगाकर रोका गया। कार की तलाशी में प्लास्टिक के 15 कट्टो से कुल 02 क्विंटल 28 किलो अवैध अफीम डोड़ा चुरा मिला। अवैध मादक पदार्थ मय कार जप्त कर पुलिस ने आरोपी चालक मनप्रित सिंह उर्फ मन्नु को एनडीपीएस एक्ट में गिरफतार कर लिया। आरोपी से जप्त डोडा चुरा के सम्बंध में पुछताछ जारी हैं। इस कार्रवाई में कांस्टेबल हेमव्रत सिंह व भजन लाल की विशेष भूमिका रही।

**444 किलो डोडा चूरा तस्करी के मामले में 3 साल से फरार वांछित आरोपी दस्तयाब**

जिले की कोतवाली थाना पुलिस की टीम ने साइबर सेल की मदद से 444 किलो डोडा चूरा तस्करी के मामले में नारकोटिक्स विभाग नीमच में 3 साल वांछित आरोपी समर्थ धाकड़ पुत्र सत्यनारायण निवासी बांगेड़ा घाटा थाना कनेरा को डिटेन कर सीबीएन नीमच को सौंप दिया है।कुछ समय पहले कोतवाली पुलिस व साइबर सेल द्वारा कार चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने चोरी की कार बांगेड़ा घाटा थाना कनेरा में बेचना बताया था। जिस पर बांगेड़ा घाटा से दो व्यक्तियों राजू धाकड़ व समर्थ धाकड़ को पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ में आरोपी समर्थ के नारकोटिक्स ब्यूरो नीमच में 3 साल से वांछित होना सामने आया था।

### ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** रविवार को भगत सिंह चौराहा जवाहर नगर भरतपुर में ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह का रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता कौशलेश शर्मा पूर्व अध्यक्ष ब्राह्मण समाज मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष ब्राह्मण समाज मोहनलाल शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा, राजस्थान प्रदेश मंत्री , महावीर प्रसाद खोखर, प्रदेश महिला अध्यक्ष बबीता शर्मा, डॉक्टर सुरेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, महिला अध्यक्ष पूनम शर्मा उपस्थित रहे ।सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्या अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया। सभी अतिथियों का सम्मान किया एवं अतिथियों ने समाज हित में अपने विचार रखे ईडब्ल्यूएस को 14% करने की मांग की सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर विचार किया। इस अवसर पर जुड़े कराटे सहीत करीब 11 बच्चों को भगवान परशुराम जी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही रक्तदान महादान में जिला अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा सहित कई जिनमें जिला उपाध्यक्ष देवी प्रसाद शर्मा ,देवेंद्र उपाध्याय अरावली, भरत शर्मा सिकरौदा, दिगंबर रूपवास, आदि ने किया इस अवसर पर रक्तदान करने वालों का सम्मानित व प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया। साथ ही समाज द्वारा बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में भगवान परशुराम शोभायात्रा में उत्कृष्ट करने वालों को भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक लोकेंद्र सारस्वत व उनके पिताजी रेलवे के रिटायरमेंट देव स्वरूप शर्मा का सम्मान किया गया। समाज में सभी ने अपने विचार रखे इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष रूपवास बृजमोहन शर्मा, तहसील अध्यक्ष सुरेश लवानिया ,योगेश शर्मा उज्जैन, छैल बिहारी तिवारी, दाहिना देवी, प्रसाद शर्मा, देवकीनंदन शर्मा बरामदी तहसील अध्यक्ष वैर शहर शशिकांत शर्मा ,विष्णु दत्त शर्मा गोठरा वाले वैर ,पीयूष शर्मा ,देवेंद्र शर्मा ,राजेंद्र दंडोतिया ,पुरुषोत्तमशर्मा ,फतेहपुर शिशुपाल शर्मा ,आकाश शर्मा नेमीचंद शर्मा, देव स्वरूप शर्मा सहित सैकड़ो ब्राह्मण समाज के बंधु उपस्थित रहे। समाज हित में सभी ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट ने किया आयोजन डॉक्टर लोकेश सारस्वत बाद समस्त ब्राह्मण समाज भरतपुर भवदीय शहर अध्यक्ष भरतपुर दुलीचंद शर्मा।

### नौनिहालों ने गटकी दो बूंद जिंदगी की



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने रविवार को जिला अस्पताल की एमसीएच विंग में नवजात बच्चों को पोलियो की दवा पिला कर जिला स्तरीय स्तरीय शुभारंभ किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा ने भी नौनिहालों को पोलियो रोधी दवा पिलाई।

### सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 15 जुलाई को

**चमकता राजस्थान, भरतपुर (निसं)।** भरतपुर सेलजा वेलफेयर सोसायटी द्वारा सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन भड़रिया नौमी को श्री जसवंत प्रदर्शनी मेला ग्राउंड हीरादास भरतपुर में किया जाएगा। जिसकी तैयारियों के लिए सोसायटी द्वारा नवविवाहित जोड़ों को सोने के आभूषण, कपड़े और हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाईकिल का वितरण किया गया । जिसमें किसान सेना राजस्थान के पदाधिकारी संध्या गर्ग, रूपा सिंह, डॉ. राजेश मुंद्रा, एडवोकेट बनयसिंह तेहरा, हरेंद्र सोगर, प्रेम सिंह, आदि लोग मौजूद रहे । और सर्वसमाज के सभी उपस्थित लोगों से भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए, सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने की शपथ दिलाई।

## मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ

# किसानों को सशक्त, समृद्व एवं उन्नतशील बनाने के लिये प्रदेश सरकार सदैव समर्पित : मुख्यमंत्री





**जिले के एक लाख 45 हजार से अधिक काश्तकारों के खाते में 14 करोड़ रुपए से अधिक राशि प्रत्यक्ष हस्तांतरित,आज का दिन किसानों के लिए बड़ा व स्वर्णिम : प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम**

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान के किसानों के लिये मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ रविवार को टोंक जिले के कृषि उपज मण्डी प्रांगण से राज्य स्तरीय समारोह के दौरान किया। इस दौरान प्रदेश के 65 लाख से अधिक किसानों को योजना के तहत प्रथम किश्त के रूप में 650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का हस्तान्तरण सीधा किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से किया गया। माननीय मुख्यमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि किसानों को सशक्त, समृद्व एवं उन्नतशील बनाने के लिये प्रदेश सरकार सदैव समर्पित है। राज्य सरकार समृद्ध किसान, खुशहाल राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशानुरुप प्रदेश का किसान अब सम्मान के साथ कृषि संबंधी आवश्यकताओं को पूरी कर पायेगा। जिला प्रशासन एवं सहकारिता विभाग धौलपुर के द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर परिषद टाउन हॉल में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में राज्य मंत्री गृह, गौ पालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग और जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम मौजूद रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री बेढम ने कहा कि आज का दिन के किसानों के लिए बड़ा व स्वर्णिम है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले 6 हजार रुपए वार्षिक देकर संबल प्रदान किया वहीं डबल इंजन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार अतिरिक्त दो हजार की राशि का सहयोग कर मजबूती प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं किसानों की कृषि संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये किसानों को प्रतिवर्ष 2 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि मुख्यमंत्री पात्र किसानों से वर्चुअल माध्यम से जुडे साथ ही पात्र किसानों के खातों में एक हजार रूपए की पहली किस्त का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। उन्होंने बताया कि किसानों को प्रथम किस्त के रूप में एक हजार रुपये हस्तांतरित किये गए तथा दूसरी व तीसरी किश्त के रूप में 500-500 रुपये उनके खातों में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किस्त के साथ हस्तांतरित किये जायेंगे! सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार सतेंद्र सिंह मीना ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत धौलपुर जिले के 1 लाख 45 हजार 447 पात्र लाभार्थी किसानों को इसका फायदा मिला है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रथम किस्त के रूप में जिले के काश्तकारों के खातों में 14 करोड़ 54 लाख 47 हजार रुपये की राशि का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से किया गया। 6 हजार की जगह किसानों को मिलेंगे अब 8 हजार सहकारिता विभाग के अनुसार पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसान परिवारों को प्रतिवर्ष देय राशि 6 हजार रुपये के अतिरिक्त राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत 2 हजार रुपये देने की बजट घोषणा 2024-25 में की गई थी, जिसके तहत रविवार को पात्र किसानों को प्रथम किस्त के रूप में एक-एक हजार रुपये का लाभ हस्तांतरण किया गया। उन्होंने बताया कि राजस्थान में पात्र किसान को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 2 हजार रूपये की अतिरिक्त सहायता से पीएम किसान योजना में 6 हजार के स्थान पर 8 हजार प्रतिवर्ष मिलेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुदर्शन सिंह तोमर, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, नीरजा शर्मा, गिर्राज सिंह मलिंगा, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन, जिला स्तरीय अधिकारीगण गणमान्यों सहित बहुसंख्यक किसान उपस्थित रहे।

### अवैध वसूली को लेकर भुसावर गेट चौराहे के नाके पर गरमाया माहौल



चमकता राजस्थान

**वैर (राजवीर सिंह)।** कस्बा वैर के भुसावर गेट चौराहे पर नगर पालिका प्रवेश कर नाका कर्मचारियों के साथ 2 दिन पूर्व हुए विवाद को लेकर रविवार को माहौल तनाव पूर्ण हो गया। पुलिस द्वारा नाका कर्मचारियों द्वारा दी गई रिपोर्ट का मामला दर्ज कर लिया जबकि दूसरे पक्ष का मामला दर्ज नहीं किया। रविवार को ।जब नाके के लोग अन्य लोगों के साथ लाठी डंडा लेकर चौराहे पर पहुंच गए। भुसावर गेट चौराहे पर तनाव का माहौल पैदा हो जाने की सूचना मिलने पर वैर, भुसावर, हलेना पुलिस सहित एडिशनल एसपी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने समझाइश कर माहौल को शांत कराया। स्थानीय लोगों ने नाके के कर्मचारियों द्वारा मामला दर्ज करने व स्थानीय लोगों को रिपोर्ट दर्ज नहीं करने का आरोप भी लगाया। भुसावर गेट चौराहे पर नगर पालिका का प्रवेश कर का नाका है। जहां पर निर्धारित दर से अधिक राशि लेकर प्रवेश कर वसूलने पर शुक्रवार देर रात्रि को विवाद हुआ था। भुसावर गेट निवासी एक ट्रैक्टर ट्रॉली से अधिक राशि वसूली। जिसका विरोध करने पर नाके के कर्मचारियों से झगड़ा हुआ। जिसको लेकर दोनो पक्षों ने पुलिस को रिपोर्ट दे दी।पुलिस ने नाका कर्मचारियों की रिपोर्ट दर्ज कर ली ।लेकिन दूसरे पक्ष की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। रविवार को फिर से माहौल तनावपूर्ण हो गया। भुसावर गेट चौराहे के स्थानीय वाशिंदे भी एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी जय नारायण मीणा सहित वैर भुसावर हलेना पुलिस व क्यूआरटी भी पहुंच गई। लोगों को समझाइश कर मामले को शांत करवाया। दूसरे पक्ष की रिपोर्ट दर्ज करने सहित उचित कानूनी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। भुसावर गेट चौराहे पर शांति व्यवस्था बनी रहे। इसको लेकर पुलिस जाब्ता जगह जगह पर लगाया है।

### ग्रामीण बैंक कंचनपुर से सेवा निवृत्त हुये ब्रांच मैनेजर

**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड की बडौदा क्षेत्रीय राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा कंचनपुर के ब्रांच मैनेजर पद से हुये सेवा निवृत हुये! बडौदा क्षेत्रीय राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा कंचनपुर जिला धौलपुर के कर्मठ, लगनशील, ईमानदार, मिलनसार, होनहोर व्यक्ति होने के कारण शाखा के समस्त सभी कर्मचारियों ने साफा एवं पुष्पमाला पहनकर एवं साथ में स्मृति चिन्ह भेटकर जोरदार स्वागत किया! साथ ही निजी मैरिज होम देव गार्डन में भी शहर के कर्मचारी अधिकारी महानुभावों ने फैटा एवं पुष्प माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया! मौके पर कंचनपुर शाखा के अधिकारी, कर्मचारी, एवं मुन्नीदेवी धर्मपत्नी, किशन सिंह ब्रांच मैनेजर, सत्येंद्र पाल सिंह, मोहित पाल सिंह, पवन कुमार अध्यापक, राधेश्याम ब्रांच मैनेजर, अवधेश कुमार जेईएन विद्युत विभाग, मांगीलाल रिटायर्ड अध्यापक, होतम सिंह अध्यापक, जसवंत सिंह, ताराचंद, राजवीर सिंह पार्षद, बादशाह बाबूजी, राजवीर सिंह कौशल, बदन सिंह, मुख्तार सिंह, राजेश बाबूजी महिला बाल विकास, रामचरन पीटीआई, लक्ष्मण सिंह व्याख्याता, शकील खान ईमित्र बाड़ी, रामस्वरूप, शिवसिंह ठेकेदार, रघुवीर सिंह, विजय सिंह जेईएन पंचायत समिति बाड़ी, लाचारीलाल, रामअवतार आदि कर्मचारी मौजूद रहे!

## राज्य आपदा प्रतिसाद बल ने आपदा मित्रों से किया संवाद



चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** घाटगेट स्थित राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ) कन्ट्रोल रूम पर रविवार प्रातः 10 बजे जयपुर जिले के प्रशिक्षित आपदा मित्रों से वर्तमान मानसून सत्र के मध्यनजर संवाद किया गया। जिसमें शहर के लगभग 50 आपदा मित्रों ने भाग लिया। सभी आपदा मित्रों को रेस्क्यू टीमों के घटना स्थल पर पहुँचने से पहले किसी भी प्रकार के आपदा प्रभावित क्षेत्र में तत्काल राहत कार्य शुरु करने एवं प्रभावित लोगों को प्राथमिक उपचार देने तथा आपदा प्रभावित क्षेत्र में एसडीआरएफ का सहयोग करने हेतु प्रेरित किया। एसडीआरएफ के कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा ''आपदा मित्र'' योजना के अन्तर्गत राजस्थान राज्य के 13 जिलों के 4700 स्वयं सेवकों को एसडीआरएफ के माध्यम से ''आपदा राहत प्रशिक्षण'' वर्ष 2022-23 में दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य राज्य में आने वाली प्राकृतिक व मानवजनित विभिन्न आपदाओं यथा बाढ़, भूकम्प, आगजनी आदि के दौरान किये जाने वाले आपदा राहत कार्यो में आपदा राहत एवं बचाव दलों के सहायतार्थ स्वयंसेवकों को तैयार किया जाना था। यह प्रशिक्षण कुल तीन चरणों में दिया गया, प्रथम चरण में 06 जिलों बीकानेर 300, भरतपुर 300, जोधपुर 500, कोटा 300, नागौर 500, अलवर 500, द्वितीय चरण में अजमेर 300, जयपुर 500 तथा तृतीय चरण में 05 जिलों बाड़मेर 300, जालोर 300, झालावाड़ 300, पाली 300, सिरोही 300 के स्वयं सेवकों को ''आपदा राहत प्रशिक्षण'' दिया गया। आपदा राहत प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को आपदा के समय प्राथमिक उपचार, बाढ़ बचाव, रोप रेस्क्यू संबधित एवं इसके अतिरिक्त आपदा के समय किये जाने वाले राहत कार्यो के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आपदा के समय आपदा राहत एवं बचाव दल के साथ आपदा मित्र योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त स्वयं सेवक मिलकर अधिक से अधिक आपदा राहत कार्य कर आपदा से होने वाली जन-धन हानि को कम से कम किया जाना था।रविवार को हुए संवाद कार्यक्रम में एसडीआरएफ के एसआई आशीष बंशीवाल व रवि वर्मा, हैड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल राजेष कुमार दान सिंह, शशिकान्त, बिट्टू बसवाल, सुनील कुमार, सुरेश झरवाल, बाबू लाल, ब्रजमोहन व सचिन आदि मौजूद रहे।अन्त में सभी आपदा मित्रों को कन्ट्रोल रूम का विजिट करवाकर एसडीआरएफ की कार्यप्रणाली की सामान्य जानकारी दी गई तथा आज से ही आपदा सेवा हेतु तैयार रहने के लिए बताया गया ताकि आवश्यकता पडने पर तुरन्त आमजन की मदद की जा सके।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक चिकित्सा विभाग के अधिकारी रहे मौजूद**



चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक चिकित्सा विभाग के अधिकारी रहे मौजूद पोलियो दिवस के अवसर पर 30 जून रविवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पंचशील स्थित सीएचसी अस्पताल पर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का स्वागत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ज्योत्सना रंगा ने तिलक लगाकर किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि राष्ट्रीय टीकाकरण को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहता है। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा एक जुलाई से 31 अगस्त तक आयोजित होने वाले दस्त नियंत्रण कार्यक्रम का आगाज किया। एडिशनल सीएमएचओ डॉ. रामलाल चौधरी द्वारा इस विषय पर जानकारी दी गई।जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिंदे स्वाति ने राष्ट्रीय टीकाकरण के स्टेटस से विधानसभा अध्यक्ष को अवगत इस अवसर पर ग्रामीण ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.जसवंत सिंह, डीपीसी डॉ. मोहित देवल, डॉ. कुलदीप कविया, डॉ. ईश्वर नैनवानी, डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. माया कौशिक, डॉ.पायल माथुर, डॉ. सोनल माथुर, डॉ. सौरभ, डॉ. सूरज यादव, सीएमएचओ कार्यालय से प्रशासनिक अधिकारी किशन तंवर, नेशनल हेल्थ मिशन के जिला प्रोग्राम मैनेजर संतोष सिंह, डीएनओ सुखपाल चौधरी मनीष शर्मा, आईईसी/फ्लोरोसिस जिला समन्व्यक जितेन्द्र हरचंदानी, डब्ल्यूएचओ से शिखर श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आशा सहयोगीनियों द्वारा बच्चो को साथ ला कर पोलियों की दवा पिलवाकर सराहनीय कार्य किया कार्यक्रम का संचालन जिला आशा समन्वयक महेश बिहारी माथुर ने किया।

### प्री डीएलएड परीक्षा में डमी अभ्यर्थी के रूप में पकड़ी गई एक युवती



**चमकता राजस्थान, जयपुर/जालौर (खलील कुरैशी)।** जिले के एक परीक्षा केंद्र पर आयोजित प्री-डीएलएड परीक्षा 2024 में डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देने पहुंची एक युवती को बिशनगढ़ थाना पुलिस की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस की टीम युवती से पूछताछ कर रही है।एसपी ज्ञान चन्द्र यादव ने बताया कि रविवार को जिले के कई परीक्षा केंद्रों पर प्री-डीएलएड 2024 परीक्षा का आयोजन किया गया। थाना बिशनगढ़ क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उम्मेदाबाद केंद्र में आयोजित परीक्षा से पहले बायोमैट्रिक फिंगरप्रिंट एवं फोटो का मिलान किया जा रहा था।इसी दौरान रोल नंबर 16402916 भगवती बिश्नोई पुत्र मोहनलाल निवासी दांतीवास थाना भीनमाल का बायोमेट्रिक व फोटो मिलान नहीं होने पर केंद्र अधीक्षक मंसाराम राणा द्वारा थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मूल अभ्यर्थी भगवती बिश्नोई के स्थान पर डमी परीक्षार्थी निरमा कुमारी बिश्नोई पुत्री आसुराम (23) निवासी भालनी थाना बागोड़ा जिला सांचौर परीक्षा देने आई थी।थाना पुलिस की टीम में केंद्र अधीक्षक की रिपोर्ट पर आरोपी निरमा कुमारी विश्नोई को डमी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देने पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं एवं राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम 1992) में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवती से पुलिस की टीम अग्रिम अनुसंधान कर रही है।

# भाजपा हर चुनाव को मानती है महत्वपूर्ण, उपचुनावों की रणनीति पर हुई चर्चा, सभी सीटों पर खिलेगा कमल का फूलः सीपी जोशी

## भाजपा की डबल इंजन सरकार ने 7 माह में किए कई ऐतिहासिक फैसले, जनहितैषी कार्यों के चलते भाजपा जीतेगी सभी पांचों सीटेंः जितेंद्र गोठवाल

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की अध्यक्षता एवं प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर की उपस्थिति में आज भाजपा प्रदे-श कार्यालय में राजस्थान के 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की आगामी रणनीति को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में खींवसर, दौसा, देवली उनियारा, झुंझुनूं और चौरासी विधानसभा के प्रभारी, पूर्व प्रत्याशी, जिले के मंत्री, विधायक और पार्टी के जिला पदाधिकारी उपस्थित रहें।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा हर चुनाव को महत्वपूर्ण मानती है फिर चाहे वो लोकसभा हो, विधानसभा हो या फिर उपचुनाव हो। प्रदेश की पांचों विधानसभाओं पर उप चुनाव में भाजपा जीत दर्ज करवाएगी और कमल का फूल खिलेगा। ऐसे में पांचों सीटों पर चुनावी रणनीति के तहत दिनभर अलग अलग विधानसभा सीटों पर चर्चा की गई। प्रत्येक विधानसभा के प्रभारी पदाधिकारियों के साथ जीत के लिए रणनीति बनाई गई है।




भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के उपचुनावों की तैयारी में जुट गई है और पार्टी की ओर से बहुत ही बारीकी से इसके लिए काम किया है। ऐसे में मुझे पूर्ण विश्वास है कि भाजपा उपचुनावों में सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। देश के लोगों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अटूट विश्वास है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश में 7 माह के अल्पकार्य में जनहित के कई ऐतिहासिक कार्य किए है। वहीं भाजपा के कार्यकर्ताओं के जोश और उत्साह को देखा जाए तो भाजपा उपचुनावों में सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि प्रदेश की पांचों विधानसभा उप चुनावों में जीत को लेकर भाजपा आश्वस्त है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश की जनता से किए गए सभी वादों को तेजी से पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2 लाख 24 हजार करोड़ के एमओयू साइन किए है, तो वहीं दूसरी ओर ईआरसीपी और यमुना जल समझौते को मूर्त रूप देकर दशकों से लंबित परियोजना को प्रदेश की जनता को समर्पित किया है। ऐसे में प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के जन हितैषी कार्यों की बदौलत सभी पांचों सीटों पर उपचुनावों में कमल के फूल को खिलाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक डॉ. कैलाश वर्मा के जन्मदिन को कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने पलक पांवड़े बिछाकर बनाया ऐतिहासिक,

- आयोजित किये विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम
- जनसेवा है धर्म मेरा, परहित ही मेरा ध्येय की थीम पर मनाया डॉ. कैलाश वर्मा का जन्मदिन,
- बगरु विधानसभा वासियों में अपने लाड़ले और जनसेवक विधायक के प्रति दिखा जबरदस्त क्रेज



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)। बगरु!** रविवार को बगरू विधायक डॉ. कैलाश वर्मा के जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने सेवा संकल्प दिवस समारोह के रूप में मनाकर लोककल्याण तथा जनसेवा के विभिन्न कार्य किए। गौरतलब है अपने जन्मदिन की शुरुआत डॉ. वर्मा ने मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर में दर्शन कर जनसेवा है धर्म मेरा, परहित ही मेरा ध्येय नारे के साथ जन्मदिन अभिनंदन कार्यक्रम की शुरुआत की।

- **आयोजित एवं समाजसेवा और जनकल्याणकारी के कार्य**

» कार्यकर्ताओं ने जन्मदिवस अभिनंदन समारोह के पावन अवसर पर जनसेवा और परोपकार के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए, अस्पतालों के मरीजों फल वितरण तथा राहगीरों के लिए केले एवं मिठाई की गाड़ियां लगाई गई। साथ ही क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं के लिए हरा चारा एवं गुड़ से भरी गाडियां भेजी गई एवं पक्षियों के लिए दाना पानी की समुचित व्यवस्था की, इसके साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके तहत डॉ. वर्मा ने आमजन को प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम में भी सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया।



- **बगरु विधानसभावासियों में दिखा अच्छा खासा उत्साह**

» इस पूरे कार्यक्रम के दौरान बगरू विधायक डॉ. कैलाश वर्मा की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए सेवा संकल्प कार्यक्रमों का अंबार लगा रहा है

- **लोग बोले : वादा करते उसे आवशयक रूप से निभाते हैं डॉ. वर्मा**

» गौरतलब है जन्मदिवस पर यहां जितने भी लोग बधाइयां देने पहुंच रहे थे, उनमें से अधिकांश का कहना था कि डॉ. वर्मा की स्थानीय विषयों पर अच्छी पकड़ है। इन्होंने चुनाव के समय जो वादे किए, उन्हें पूरा कर रहे हैं। साथ ही कुछ महिलाओं ने बताया कि हमने जनसुनवाई के दौरान जो भी समस्याएं इन्हें बताई, विधायक ने उन पर तुरंत कार्रवाई करते हुए हमें समाधान दिलाया है। इसलिए आज हम इनका जन्मदिन मनाने नहीं, बल्कि उनका धन्यवाद जताने आए हैं। कार्यक्रम के दौरानजनप्रतिनिधिगण, बगरू विधानसभा क्षेत्र के हजारों नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में मातृशक्ति की मौजूदगी रही।मानसरोवर स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर दिनभर हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। ना सिर्फ युवा बल्कि बच्चे, बुजुर्ग एवं महिलाओं में भी अपने नेता के प्रति काफी उत्साह नजर आया। लोग सैंकड़ों की संख्या में बड़ी मालाएं लेकर स्टेज पर स्वागत करते दिखे।

# मुख्य सचिव के कार्यालय के बाहर टूटे छज्जों से बारिश में सचिवालय आगंतुकों को जान का ख़तरा

## सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर की अनदेखी से विभाग को लग रहा है राजस्व का चूना

### मरम्मत के लिए बिछा रखा सचिवालय में बल्ली फंटो का जाल

चमकता राजस्थान

जयपुर। सार्वजनिक निर्माण विभाग में एक ओर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी कार्यों में सुचिता लाने के लिए गम्भीर है वहीं पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मलाईदार पदों पर जमे अधिकारी कार्यों के प्रति गंभीर नहीं हैं साथ ही राजस्व को चूना लगाने में भी नहीं चूक रहे हैं !

ताज़ा मामला प्रदेश के सचिवालय से जुड़ा है जहाँ मुख्य सचिव के कार्यालय के साथ ही पूरे सचिवालय के छज्जे टूटे पड़े हैं और उनके रिपेयरिंग के लिए विभाग ने लगभग दो माह से बल्ली-फटें के पेड़े बन्धवा रखे हैं लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर अनिल विजयवर्गीय की अनदेखी के कारण सचिवालय में लोगों का दीवार के सहारे चलना मुश्किल हो गया है छज्जे टूट टूटकर गिर रहे हैं लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता विजयवर्गीय इसकी सुध नहीं ले रहे हैं!

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मिलीभगत के चलते कार्य को अंजाम नहीं दिया जा रहा है यह कार्य कई दिनों से लंबित पड़ा है लेकिन विभाग शायद किसी दुर्घटना के इंतज़ार में कार्य समाप्त नहीं कर रहा है ,टूटे छज्जे से जगह-जगह से पत्थर गिरते रहते हैं जिससे कभी भी किसी दुर्घटना के होने का अंदेशा बना रहता है !

वहाँ से गुज़र रहे एक आगंतुक ने कहा कि वे छज्जे के पास से गुज़र रहे थे तभी ऊपर से कुछ पत्थर से गिरे ग़नीमत है कि वह दूर थे और बाल बाल बच गए !

### डीआर मेघवाल ने ये कहा

चीफ़ इंजीनियर डीआर मेघवाल से जब इस बाबत बातचीत की गई तो उन्होंने अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर अनिल विजयवर्गीय से फ़ोन पर बात कर तत्काल निराकरण को कहा लेकिन 15 दिन पश्चात भी कार्य शुरू नहीं किया गया !

### पूर्व मंत्री का है वरदहस्त

सूत्रों से पता चला है कि विजयवर्गीय को कांग्रेस के एक पूर्व मंत्री का वरदहस्त प्राप्त है उन्हीं की कृपा से इस मलाईदार पद पर क़ाबिज़ हुए थे और और विभाग द्वारा ट्रांसफर किए जाने के बाद भी दूसरे दिन ही ट्रांसफर को कैंसिल कराकर उसी पद पर आ जमे थे !

### अतिरिक्त मुख्य अभियंता सीएम राज माथुर ने नहीं दिया संतोषप्रद जवाब

अतिरिक्त मुख्य अभियंता ज़ोन प्रथम जयपुर सीएम राज माथुर से इस बारे में जानकारी चाही तो उन्होंने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया !

# उदयपुरवाटी पुलिस थाने के एएसआई राम सिंह का सेवानिवृत्ति पर हुआ जोरदार सम्मान

- शेखावाटी परंपरा के अनुसार चुनरी का साफा व फूल माला पहनाकर किया स्वागत
- ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी की एएसआई राम सिंह ने

चमकता राजस्थान

उदयपुरवाटी ' (सुमेर सिंह राव) कस्बे के पुलिस थाने में रविवार को एएसआई राम सिंह की सेवानिवृत्ति पर उनका पुलिस थाना परिसर में जोरदार सम्मान किया गया ' एएसआई राम सिंह का शेखावाटी परंपरा के अनुसार चुनरी का साफा व फूल माला पहनाकर पुलिस थाने के स्टाफ एवं गणमान्य व बुद्धिजीवी लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया ' एएस आई राम सिंह ने राजकीय सेवा के दौरान कर्तव्य निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी की ' उदयपुरवाटी पुलिस थाने के सीआई गोपाल लाल जांगिड़ व खंडेला पुलिस थाने के सीआई मांगीलाल मीणा ने कहा कि उदयपुरवाटी में एएसआई राम सिंह का कार्यकाल बडा ही काबिले तारीफ रहा ' एएसआई राम सिंह की सेवानिवृत्ति पर उदयपुरवाटी पुलिस थाने के समस्त स्टाफ व कस्बे के गणमान्य एवं बुद्धिजीवी लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की ' इस दौरान पुलिस थाने के एएसआई सतवीर सिंह, हेड कांस्टेबल दयाराम, हेड कांस्टेबल जीवन राम ,कांस्टेबल सुरेशकुमार ,गुलशन,रोहिताश ,भूपेंद्र ,रमेश ,अमितकुमार,सुरेश गुर्जर ,रामकिशन,सवाईसिंह,सुनील ,लीलचंद ,मनजीत, थानेश्वर ,नीरज कुमार, रामनिवास सैनीहेड कांस्टेबल भंवरलाल कृष्ण कुमार श,संतोष कुमार ,रजनी,सुनीता, रोशनी,संगीता सहित पुलिस थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा '



### शहरी क्षेत्र उदयपुरवाटी में पिलाई गई पोलियो की दवा

- 0 से 5 साल के बच्चों ने गटकी दो बूंद जिंदगी की



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी '( सुमेर सिंह राव)**कस्बे में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में 33 बूथो पर पोलियो की डोज पिलाई गई ' जिसमें चार बूथ ट्रांजिस्टर हैडॉक्टरपंकज ।सर्वा,डॉक्टरसुमनमीणा ,मुरारीलालछिपी,पर्यवेक्षकहरिराम ,पर्यवेक्षक इंदु रनवा, परिवेक्षको द्वारा बूथो पर दवाई पिलाकर शुभारंभ किया गया ' राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अनिमेष गुप्ता , डॉक्टर मनोज सैनी ,डॉक्टर संदीप गुप्ता द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की गई ' आज 1 जुलाई व कल 2 जुलाई को टीमों द्वारा घर-घर जाकर जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी '

## ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान से जुड़े भाई बहनों ने किया स्वागत सत्कार

# राजयोग भवन में बीके तुलसीराम भाई का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोग भवन शाखा टोंक में बीके तुलसीराम भाई का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी सहित संस्थान से जुड़े भाई बहनों ने बीके तुलसीराम भाई का पुष्पमाला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।




गौरतलब है की बीके तुलसीराम भाई पिछले बीस वर्षो से संस्थान में सक्रिय रूप से सेवाएं दे रहे हैं। हाल ही में आपने सरकारी सेवा नेहरू युवा केंद्र संगठन में लेखा एवं कार्यक्रम सहायक के पद पर चालीस वर्ष आठ माह तक अनवरत सेवाएं देकर सेवानिवृत्ति ली है। इस दौरान वह राज्य के सवाई माधोपुर, झुंझुनू, दोसा, बारां,बूंदी व टोंक जिलों में युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का कार्य किया है

ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र टोंक प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने कहा की भाई साहब सेवा केंद्र से जुड़कर तन मन धन समय संकल्प श्वास के साथ सहयोग देते आ रहे हैं। आप हर कार्य बड़ी धैर्यता और लगन के साथ पूरा करते हैं। आपकी मधुर मुस्कान अनेकों को खुशियों की सौगात देती है। दीदी ने शुभकामना देते हुए कहा आप ऐसे ही सदा परमात्म छत्रछाया में पलते रहे और उमंग उत्साह के साथ समाज सेवा में अपना अमूल्य योगदान देते रहे। नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला युवा समन्वयक हितेश कुमार ने कहा कि तुलसीराम जी न केवल हमारे स्टाफ साथी रहे है बल्कि मेरे भाई की तरह अच्छे सहयोगी बनकर पूर्ण ईमानदारी से कार्य किया है। आपका हर कार्य सहरानीय हैं। आपकी कार्य कुशलता के फलस्वरुप यहां रहते हुए मुझे कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। हम आगे भी आपके अनुभव का लाभ लेते रहेंगे। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी ऋतु दीदी, ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी, ब्रह्माकुमारी अनिता दीदी, बीके हेमन, बीके गुंजन, बीके पांचू भाई, बीके प्रहलाद भाई, बीके प्रकाश भाई, बीके अमृत भाई एवं ओमप्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान से जुड़े भाई बहन मौजूद थे।

# स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित धर्मपाल गाँधी की पुस्तक 'आजादी के दीवाने' का हुआ विमोचन

चमकता राजस्थान।

**झुंझुनूं। (सुमेर सिंह राव) ।** देश की आजादी के लिए प्राणों की आहुति देने वाले महान क्रांतिवीरों और शहीदों के जीवन दर्शन पर आधारित धर्मपाल गाँधी द्वारा लिखित पुस्तक 'आजादी के दीवाने' वर्तमान अंकुर प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की गई है। पुस्तक का विमोचन 30 जून रविवार को मीडिया क्लब नोएडा में प्रकाशक निर्मेश त्यागी, लेखक धर्मपाल गाँधी, संपादक अंजू गाँधी, सुनीता सोनू, राजेंद्र कुमार गाँधी, समाजसेवी इन्द्र सिंह शिल्ला, पूरण सिंह गुर्जर, सचिनअम्बावत, विजय मिश्रा, राजदीप सिंह, उम्मेद सिंह शिल्ला व वरिष्ठ साहित्यकारों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। लेखक धर्मपाल गाँधी की पुस्तक 'हिन्द की क्रांतिकारी बेटियाँ' पूर्व में प्रकाशित हो चुकी है। राष्ट्रीय साहित्यिक, सांस्कृतिक व सामाजिक संस्थान आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता व विचारक, स्वतंत्र पत्रकार और लेखक धर्मपाल गाँधी काफी समय से स्वतंत्रता संग्राम पर शोध कर रहे हैं और गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को खोजकर एक नया अध्याय लिखने का प्रयास कर रहे हैं। आज हम जिस आजादी का आनंद ले रहे हैं, यह आजादी में यूंही नहीं मिल गई। यह आजादी हमें पूर्वजों के त्याग व बलिदान और लाखों क्रांतिवीरों की कुर्बानियों की बदौलत मिली है। पुस्तक विमोचन के मौके पर लेखक धर्मपाल गाँधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा-स्वतंत्रता आंदोलन, भारतीय इतिहास का वह युग है, जो पीड़ा, कड़वाहट, दंभ, गर्व,आत्मसम्मान, गौरव तथा सबसे अधिक शहीदों के लहू को समेटे है। देश की आजादी के लिए अनगिनत क्रांतिवीरों ने स्वतंत्रता की बलि वेदी पर अपने प्राण न्यौछावर किये हैं, जिन्हें याद रखना और नमन करना हमारा कर्तव्य है। आजादी की हमने क्या कीमत चुकाई है, यह हर भारतीय को याद रखना चाहिए। देश को आजाद हुए ज्यादा वक्त नहीं हुआ है; लेकिन हमने बहुत कम समय में आजादी के दीवानों को भुला दिया। देश को आजाद कराने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को भुलाकर हम राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित नहीं रख सकते हैं। प्रस्तुत पुस्तक 'आजादी के दीवाने' में देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले क्रांतिवीरों की शौर्य गाथाओं का वर्णन किया गया है। हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाकउल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह चंद्रशेखर आजाद आदि को पुस्तक में शामिल किया गया है। दिल्ली षड्यंत्र केस में फांसी की सजा पाने वाले शहीद भाई बालमुकुंद, मास्टर अमीरचंद, बसंत कुमार बिस्वास, अवध बिहारी को भी पुस्तक में जगह दी गई है। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, सुखदेव थापर, शिवराम हरि राजगुरु, भगवती चरण वोहरा, जतीन्द्रनाथ दास, दुर्गावती देवी उर्फ दुर्गा भाभी, क्रांतिकारी सुशीला दीदी आदि को पुस्तक में शामिल किया गया हैजलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लेने वाले महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह और सिन्ध के भगत सिंह के नाम से विख्यात क्रांतिकारी शहीद हेमू कालाणी को भी पुस्तक में शामिल किया गया है। शहीद भगत सिंह के आदर्श शहीद सरदार करतार सिंह सराभा और इंग्लैंड में फांसी के फंदे पर झूलने वाले शहीद मदनलाल ढींगरा को भी पुस्तक में शामिल किया गया है। सेनाकार्यक्रम का संचालन राजदीप सिंह ने किया। वर्तमान अंकुर प्रकाशन के संपादक और लेखक धर्मपाल गाँधी ने पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में पधारे सभी महानुभावों का आभार व्यक्त किया।



## चित्तौड़गढ़ जिले की सदर थाना पुलिस की कार्रवाई

- **ईनोवा कार से 2 क्विंटल 28 किलो अवैध डोडा चुरा जब्त, एक आरोपी गिरफतार**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/चित्तौड़गढ़, (खलील कुरैशी) 30 जून।** सदर थाना पुलिस ने शनिवार को हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान एक ईनोवा कार से 228 किलोग्राम अवैध डोडाचुरा जब्त कर आरोपी मनप्रीत सिंह उर्फ़ मन्नू पुत्र बलबीर सिंह (34) निवासी थाना भगता पाई जिला भटिंडा पंजाब को गिरफ़्तार किया हैं। पुलिस ने गाड़ी को स्टॉपस्टिक व बेरियर की मदद से रोका पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ के लिए एएसपी चित्तौड़गढ़ परबत सिंह व सीओ तेजकुमार पाठक के निर्देशन, थानाधिकारी सदर गजेन्द्र सिंह के सुपरविजन एवं हेड कांस्टेबल महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शनिवार को हाईवे पर नाकाबंदी की जा रही थी।इसी दौराने कोटा नीमच की तरफ से ईनोवा कार लेकर आ रहे चालक रुकने का ईशारा करने पर भागने लगा, गाड़ी को स्टोपस्टीक एवं बैरीयर लगाकर रोका गया। कार की तलाशी में प्लास्टिक के 15 कट्टो से कुल 02 क्विंटल 28 किलो अवैध अफीम डोड़ा चुरा मिला।अवैध मादक पदार्थ मय कार जप्त कर पुलिस ने आरोपी चालक मनप्रित सिंह उर्फ मन्नु को एनडीपीएस एक्ट में गिरफतार कर लिया। आरोपी से जप्त डोडा चुरा के सम्बंध में पुछताछ जारी हैं। इस कार्रवाई में कांस्टेबल हेमव्रत सिंह व भजन लाल की विशेष भूमिका रही।

- **444 किलो डोडा चूरा तस्करी के मामले में 3 साल से फरार वांछित आरोपी दस्तयाब**

जिले की कोतवाली थाना पुलिस की टीम ने साइबर सेल की मदद से 444 किलो डोडा चूरा तस्करी के मामले में नारकोटिक्स विभाग नीमच में 3 साल वांछित आरोपी समर्थ धाकड़ पुत्र सत्यनारायण निवासी बांगेड़ा घाटा थाना कनेरा को डिटेन कर सीबीएन नीमच को सौंप दिया है।कुछ समय पहले कोतवाली पुलिस व साइबर सेल द्वारा कार चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने चोरी की कार बांगेड़ा घाटा थाना कनेरा में बेचना बताया था। जिस पर बांगेड़ा घाटा से दो व्यक्तियों राजू धाकड़ व समर्थ धाकड़ को पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ में आरोपी समर्थ के नारकोटिक्स ब्यूरो नीमच में 3 साल से वांछित होना सामने आया था।

## श्री सारथी फाउंडेशन जयपुर के तत्वाधान में लगाया गया वाटर कूलर

### बड़वा बस्सी जनजाति बालिका छात्रावास में सप्रेंम किया भेंट कर मूलभूत सुविधाओं के संरक्षण का किया वादा

चमकता राजस्थान



जयपुर (खलील कुरैशी) बस्सी तहसील के ग्राम बड़वा के जनजाति बालिका छात्रावास में श्री सारथी फाउंडेशन के तत्वाधान में आज वाटर कूलर लगायाअतिथियों में श्री सारथी फाउंडेशन की अनिता मीना ,लक्ष्मी जी ओमबाला, ममता सैन, प्रियंका मीणा,ऋषिता मीणाकार्यक्रम की शुरुआत में जनजाति बालिका छात्रावास की अधिशिक्षका डॉ आरती मीना ने सभी अतिथियों तिलक व माला पहनाकर स्वागत किया। छात्रावास की बालिकाओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जिसमें आदिवासी नृत्य , आदिवासी गीत , स्वागत गान,अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। छात्रावास की बालिका पूजा मीना ने की महत्वत्ता को समझाते हुए कहा कि जल है तो जीवन तथा हम रोजाना हजारों लीटर पानी सुबह से लेकर रात तक व्यर्थ बहा देते है, जो सरासर गलत है। हमें जल के महत्व को समझते हुए जल की एक भी बूंद व्यर्थ नहीं जाने देनी है। आज हम जल की बचत करेंगे तो हमारा एवं आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित होगा। छात्रवास अधिशिक्षका डॉ आरती मीना ने सभी सहयोग कर्ताओ का धन्यवाद किया व नारा दिया कि जलवायु शुद्ध रखना है तो,तरु लगाओ तरु बढ़ाओ।पर्यावरण प्रदूषण रोको,जीवों को गले लगाओ जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिए जल की आवश्यकता होती है। पृथ्वी पर उपलब्ध एक बहुमुल्य संसाधन है जल, या फिर यह कहें कि यहीं सभी सजीवों के जीने का आधार है जल। श्री गौरव ने बताया कि प्रदूषण तथा जनसंख्या में लगातार वृद्धि के साथ प्रत्येक व्यक्ति के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बड़ी परेशानी हैं। जैसे- जैसे गर्मी बढ़ रही है देश के कई हिस्सों में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। हर साल यह समस्या पहले के मुकाबले और बढ़ती जाती है। लेकिन हम हमेशा यहीं सोचते हैं। बस जैसे- तैसे गर्मी का सीजन निकाल जाए बारिश आते ही पानी की समस्या दूर हो जाएगी। यह सोचकर जल सरंक्षण के प्रति बेरुखी अपनाए रहते हैं। सभी बालिकाओं ने ठंडा ठंडा पानी पीकर सभी सहयोगकर्ता में पेरिस शर्माओमबालामीणा,अनीतानागर ,ममता सैन,ऋषिता मीणा,लक्ष्मी मीणा, सीमा बागोरिया,मंजू लता वर्मा, प्रीति गुप्ता जी,प्रियंका मीणा,सरिता सोनी ,बिरमा मीणा,मंजू जेफआदि सभी विशेष सहयोग रहा जगदीश नारायण मीना धर्मसिंह मीना व बालिका छात्रावास के फुला बाई,हीरादेवी संजना,सुनीता व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्री डीएलएड परीक्षा 2024 में डमी अभ्यर्थी के रूप में पकड़ी गई एक युवती

### परीक्षा से पहले बायोमैट्रिक फिंगरप्रिंट एवं फोटो मैच नही हुए

चमकता राजस्थान

जयपुर/जालौर (खलील कुरैशी) 30 जून। जिले के एक परीक्षा केंद्र पर आयोजित प्री- डीएलएड परीक्षा 2024 में डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देने पहुंची एक युवती को बिशनगढ़ थाना पुलिस की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस की टीम युवती से पूछताछ कर रही है।एसपी ज्ञान चन्द्र यादव ने बताया कि रविवार को जिले के कई परीक्षा केंद्रों पर प्री-डीएलएड 2024 परीक्षा का आयोजन किया गया। थाना बिशनगढ़ क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उम्मेदाबाद केंद्र में आयोजित परीक्षा से पहले बायोमैट्रिक फिंगरप्रिंट एवं फोटो का मिलान किया जा रहा था।इसी दौरान रोल नंबर 16402916 भगवती बिश्नोई पुत्र मोहनलाल निवासी दांतीवास थाना भीनमाल का बायोमेट्रिक व फोटो मिलान नहीं होने पर केंद्र अधीक्षक मंसाराम राणा द्वारा थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मूल अभ्यर्थी भगवती बिश्नोई के स्थान पर डमी परीक्षार्थी निरमा कुमारी बिश्नोई पुत्री आसुराम (23) निवासी भालनी थाना बागोड़ा जिला सांचौर परीक्षा देने आई थी।थाना पुलिस की टीम में केंद्र अधीक्षक की रिपोर्ट पर आरोपी निरमा कुमारी विश्नोई को डमी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देने पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं एवं राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम 1992) में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवती से पुलिस की टीम अग्रिम अनुसंधान कर रही है।



## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ

# जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले के 3 लाख 32 हजार से ज्यादा किसानों के चेहरे पर खिली मुस्कान

### राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हुआ जिला स्तरीय समारोह

चमकता राजस्थान

**प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम**

जयपुर, (खलील कुरैशी) 30 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने टोंक में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया। योजना के तहत प्रथम किश्त के तौर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डीबीटी के माध्यम से प्रदेश के 65 लाख 30 हजार 540 पात्र किसानों के बैंक खाते में 653 करोड़ 5 लाख 40 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना समारोह का आयोजन हुआ। जिला प्रभारी मंत्रीजोगाराम पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुए समारोह में सैंकड़ों लाभांवित किसानों ने शिरकत की।जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने एवं किसानों की आय दोगुना करने के लक्ष्य को हासिल करने में मील का पत्थर साबित होगी। जयपुर जिले के 3 लाख 25 हजार 287 पात्र किसानों के बैंक खाते में 32 करोड़ 52 लाख 87 हजार रुपये तो वहीं, जयपुर ग्रामीण जिले के 7 हजार 664 पात्र किसानों के बैंक खाते में 76 लाख 64 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत बजट घोषणा की अनुपालना में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित (8 हजार रुपये वार्षिक) होने वाले किसानों को राज्य सरकार द्वारा 2 हजार रुपये वार्षिक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु नोडल विभाग सहकारिता विभाग बनाया गया है।कार्यक्रम में जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) अल्का विश्नोई सहित सहकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



## एक नजर

### टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत पर मुरादाबाद में क्रिकेट प्रेमियों ने मनाई दिवाली



**मुरादाबाद।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम की 17 वर्ष बाद जीत का जश्न पीतलनगरी मुरादाबाद में हर्षोल्लास से मनाया गया। फाइनल मैच के अंतिम ओवर की लास्ट गेंद पर जैसे ही भारतीय टीम के खाते में जीत दर्ज हुई वैसे ही लोगों ने आसमान में आतिशबाजी छोड़ने शुरू कर दी। शनिवार को टी 20 विश्व कप 2024 का खिताबी मुकाबला भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया। भारत ने अजेय रहते हुए चैंपियनशिप जीती है। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में सात विकेट पर 176 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 169 रन ही बना सकी।

### वाहन से लटका मिला युवक का शव

**देहरादून/बागेश्वर।** राजस्व पुलिस क्षेत्र में देर रात एक युवक का शव वाहन से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। क्षेत्रवासियों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार राजस्व पुलिस क्षेत्र के भैरूचौबट्टा क्षेत्र में शनिवार की देर रात मैक्स वाहन से रस्सी के सहारे एक युवक का शव लटका था। युवक की पहचान मनोज कुमार पुत्र केसर राम के रूप में हुई है। युवक क्षेत्र का ही बताया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद राजस्व उप निरीक्षक जगदीश परिहार मौके पर पहुंचे और शव को रस्सी से उतारकर कब्जे में लिया।

### स्मार्ट सिटी परियोजना की अवधि बढ़ायी गयी

**देहरादून।** देहरादून को स्मार्ट शहर बनाने वाली परियोजना स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की अवधि 2025 तक बढ़ाई गई है। केन्द्र सरकार ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का काम पूरा करने की टाइमलाइन जून 2024 से बढ़ाकर मार्च 2025 कर दी है। यह निर्देश आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर जारी किए गए। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत दून में ग्रीन बिल्डिंग के अलावा अन्य योजनाओं का काम लगभग पूरा हो चुका है। दून में प्रस्तावित स्मार्ट रोड, चाइल्ड फ्रेंडली सिटी प्रोजेक्ट, सीवर लाइन का कुछ कार्य पूरा होना बाकी है। साथ ही साथ ग्रीन बिल्डिंग परियोजना के लिए परियोजना की अवधि 2025 तक बढ़ा दी है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर सारंगपुर थाना क्षेत्र में गोपालपुरा बाइपास के समीप शनिवार की रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मौके से वाहन को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार गोपालपुरा बाइपास के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक गजराजसिंह (55) पुत्र दुलेसिंह निवासी बमोरी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया।

### कार की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर करनवास थाना क्षेत्र में बस स्टेण्ड के समीप शनिवार की रात एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे 29 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रुप से घायल युवक ने अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और कार को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार शनिवार की रात हाइवे पर बसस्टेण्ड के समीप तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 07 सीएच 0706 ने पैदल जा रहे लक्की (29) पुत्र रोशनलाल राव निवासी बकानी हालमुकाम करनवास को टक्कर मार दी।

### सड़क दुघर्टना में तीन लोगों की मौत

**धार।** जिले के बाकानेर पुलिस चौकी क्षेत्र में मनावर-खलघाट रोड पर शनिवार की रात जननी 108 एंबुलेंस और बाइक के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के भेजे। बाकानेर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की मनावर से बाकानेर जा रही एंबुलेंस क्रमांक सीजी-04, एनजेड-6067 ने कोलीपुरा गांव में बाइक क्रमांक एमपी 09 वीबी-7778 को सामने से टक्कर मार दी।

### रेलवे लाइन पार कर रही महिला की मौत

**यमुनानगर।** मोबाइल फोन पर बात करते हुए रेलवे लाइनों को पार करते वक्त एक महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौप दिया। पुलिस के अनुसार 174 के तहत कार्यवाही की गई। मृतक महिला की पहचान कुसुम निवासी नानकपुरा फरकपुर के रूप में हुई। राजकीय रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी राकेश कुमार ने रविवार को बताया कि कुसुम आज सुबह साढ़े आठ बजे अपनी बहन से मिलने गांव परवालो जाने के लिए निकली थी।

# शारीरिक, मानसिक के साथ सामाजिक स्वास्थ्य भी सुधारेगी 'एकीकृत चिकित्सा': संभागायुक्त

- अरबिंदो विवि में एकीकृत (इंटेग्रेटिव) चिकित्सा के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए संभागायुक्त दीपक सिंह





**इन्दौर। एजेंसी**

कोविड महामारी के दौरान महसूस किया गया कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ हमारे लिए सामाजिक और आर्थिक स्वास्थ्य भी बहुत जरूरी है। मुझे लगता है कि एकीकृत (इंटेग्रेटिव) चिकित्सा के माध्यम से हम इन मानकों पर भी समाज का समग्र विकास कर सकते हैं। यह बात संभागायुक्त दीपक सिंह ने शनिवार को श्री अरबिंदो विश्वविद्यालय में आयोजित एकीकृत चिकित्सा के राष्ट्रीय सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोटापा और उससे होने वाली समस्यायें लोगों के लिए परेशानियों का कारण बन रही हैं वहीं कई लोग कुपोषण की समस्या से भी जूझ रहे हैं।

ऐसे में किसी एक चिकित्सा पद्धति पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय अगर हम आधुनिक, प्राचीन और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय से मरीजों का इलाज करेंगे तो उनके जल्द रिकवर होने के चांसेस बढ़ जाएंगे। खासतौर पर, हमारे देश में वाचिक (मौखिक) परंपरा के तहत जो चिकित्सा संबंधी जानकारियाँ, पीढ़ी दर पीढ़ी मिलती रही हैं, उनका डाक्यूमेंटेशन और एथेंटिकेशन बहुत जरूरी है। जंगल में उत्पानदित होने वाली प्रत्येरक वनस्परति का अपना महत्व है। कार्यशाला को सेवानिवृत्त पीसीसीएफ डॉ. पीसी दुबे ने संबोधित करते हुए पूरे आयोजन की कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जंगलों के स्वास्थ्य और विविधता बढाने के लिए विशेष प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। जंगल में उत्पा्दित होने वाली वनस्पाति का अपना महत्व है। जंगल को पुनः स्थापित करना होगा। प्रकृति और जंगल के ताने बाने को सशक्त करने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। चिकित्सा विधि में जड़ी बूटियों का विशेष महत्व है। दूरस्थ वन क्षेत्र में रहने वाले जंगल जडी बूटियों के जानकारों के ज्ञान को सहेजने की आवश्यकता है। इसके लिए उनके ज्ञान को संकलित कर वैज्ञानिक तरीके से स्थापित किया जाएगा। यह पहल जंगलों के संरक्षण, वन प्रबंधन को नई दिशा प्रदान करेगी।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा औषधियों का फायदा**

विवि के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. विनोद भंडारी ने बताया कि ऐसी कई हर्बल मेडिसिंस हैं, जिनके इलाज से ठीक हुए मरीजों का साक्ष्य एकत्र कर विश्व स्तर की शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित किया जाएगा। इससे इस औषधियों से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मरीज लाभान्वित हो सकेंगे। रिटायर्ड पी.सी.सी.एफ. डॉ. पी.सी. दुबे ने कहा कि संभागायुक्तआ सिंह की विशेष पहल और श्री अरबिंदो अस्पताल के साथ इस प्रयास से इंसानों के साथ-साथ जंगलों, जानवरों, जमीनों, जल स्त्रोतों के साथ-साथ समूची प्रकृति के बेहतर स्वा स्थ्शन में यह प्रयास लाभकारी सिद्ध होगा।

### गोली मारकर घायल करने वाला युवक पुलिस मुठभेड़ में घायल

**गाजियाबाद।** दुकानदार को गोली मारकर घायल करने वाले युवक को शालीमार गार्डन पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से यह युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने रविवार को बताया कि थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम अपराधिक घटनाओं के दृष्टिगत लोहिया पार्क के पास पाइप मार्केट से आने वाली रोड पर चेकिंग कर रही थी तभी एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पाइप मार्केट की तरफ से आता दिखाई दिया जिसको रुकने का इशारा किया गया तो नहीं रुका और अपनी मोटरसाइकिल को तेजी से डीएवी स्कूल की तरफ भागने लगा शक होने पर पुलिस द्वारा पीछा किया गया तो पुलिस टीम को अपने पीछे आते देख भाग रहे बदमाश के द्वारा मोटरसाइकिल को तेजी से भगाने के कारण मोटरसाइकिल डीएवी स्कूल गेट नंबर 3 के सामने फिसल कर गिर गई और पुलिस पार्टी को पीछे आते देख बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया।

### बच्चों के लिए मैगी लेने बाजार गए पिता की ईंट से मारकर हत्या

**जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की देर रात बाजार में बच्चों के लिए मैगी लेने गए एक पिता की ईंट से मारकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस अज्ञात हमलावरों की तलाश में जुट गई है। बच्चों को लिए मैगी लेने बाजार आये पिता अनिल सरोज(40) पुत्र गुड्डू सरोज की हत्या बाद पत्नी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। महिमापुर गांव का रहने वाला अनिल सरोज शनिवार की रात 10 बजे जलालपुर बाजार में बच्चों के लिए मैगी लेने गया था। बेटी किरण ने बताया कि बाजार में सुनील और उसके साथ मौजूद कुछ लोगों से उसके पिता से कहासुनी हो गई। सुनील ने लात घुसों से पीटने के बाद ईंट से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी केराकत प्रतिमा वर्मा ने रविवार को बताया कि जलालपुर थाना अंतर्गत महिमापुर गांव निवासी दिलीप सरोज ने बताया कि अनिल सरोज उसके भाई थे। सुनील सोनकर, जो लालपुर के निवासी हैं। शराब पीने को लेकर दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। विवाद बढ़ा और दोनों में मारपीट शुरू हो गयी।

## फोरलेन निर्माण कार्य की डंपिंग ने बढ़ाई मुसीबतें

**शिमला। एजेंसी**



सोलन जिले के कैथलीघाट से शिमला के ढली तक फोरलेन के निर्माण कार्य के विरोध में स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। फोरलेन के निर्माण के लिए लगाई गई रिटेनिंग वॉल मॉनसून की पहले ही बारिश में गिर गए हैं, जिससे मलबा लोगों के खेतों तक पहुंच गया। इससे लोगों के घरों पर भी खतरा मंडराने लगा है।

फोरलेन के निर्माण कार्य में लगी कंपनी मलबे को जगह-जगह अवैध रूप से डंप करने लोगों का परेशानी हो रही है, जो कभी भी कहर बरपा सकता है। इसके विरोध में स्थानीय लोगों ने निर्माण कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मल्याणा शिमला में ग्रामीणों ने फोरलेन कंपनी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि फोरलेन निर्माण में उनकी जमीनें गई हैं। वे फोरलेन बनने के विरोध में नही हैं लेकिन कम्पनी मनमर्जी से काम कर रही है और मलबे को हर कही भी डंप कर रही है। इससे लोगों का परेशानी हो रही है। कंपनी की ओर से जो डंगे लगाए जा रहे हैं, वो भी धंस गए है और कभी भी वे गिर सकते हैं, जिससे भवनों को भी खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी के खिलाफ ढली थाना में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। जिला प्रशासन से लेकर सरकार को कंपनी की मनमर्जी पर रोक लगाने की मांग की गई लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य सही से हो और मलबा चिन्हित स्थानों पर ही डाला जाए। यदि कंपनी का यही रवैया रहा तो उग्र आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

### ट्रक से टकराई बाइक युवती की मौत, दो गंभीर

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा चौकी अंतर्गत नैड़ी कठारी गांव के पास शनिवार की शाम नेशनल हाई-वे पर ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवती की मौत हो गई। बाइक चालक समेत दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रयागराज जनपद के खीरी थाना क्षेत्र के खरका गांव निवासी सबिता (19) पुत्री बुद्धसेन, राजेश (19) निवासी सहजी थाना लालगंज और वासुदेव (35) निवासी पथरहा थाना हलिया के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर सहजी जा रहे थे। नेशनल हाई-वे पर नैड़ी कठारी गांव के पास मीरजापुर की ओर से आ रहे ट्रक से टकरा गए। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सबिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दोनों युवक घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे बरौंधा चौकी इंचार्ज जय शंकर राय ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज के लिए भिजवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पुलिस ने मौके से क्षतिग्रस्त बाइक और ट्रक को हटवा कर चालक को हिरासत में लिया।

## हिमाचल में 6549 बूथों पर सुनीं गई पीएम मोदी के 'मन की बात'

**शिमला। एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे कार्यकाल में 'मन की बात' का 111वां संस्करण रविवार को प्रदेश के 6549 बूथों पर सुना गया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मन की बात कार्यक्रम के प्रमुख संजीव कटवाल ने बताया कि बूथ स्तर पर पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कार्रवाई। उन्होंने बताया कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नालागढ़, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक राजीव बिंदल ने देहरा और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर में मन की बात कार्यक्रम सुना। यह कार्यक्रम प्रदेश भर में संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, महामंत्री डॉ सिकंदर कुमार, बिहारी लाल शर्मा, त्रिलोक कपूर, पदाधिकारियों, विधायकों और जिला मंडल यूनिट द्वारा सुना गया। यह कार्यक्रम सीधा-सीधा प्रधानमंत्री और देश को जोड़ने वाला कार्यक्रम है कुछ समय से यह कार्यक्रम लोकसभा चुनाव की वजह से स्थगित था और अब फिर प्रारंभ हुआ है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पीएम मोदी ने विदेशों में भारत की धाक के उदाहरण गिनाए जो की हमारे लिए गर्व की बात है। तुर्कमेनिस्तान में इस साल मई में वहां के राष्ट्रीय कवि की 300वीं जन्म-जयंती मनाई गई। इस अवसर पर तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति ने दुनिया के 24 प्रसिद्ध कवियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इनमें से एक प्रतिमा गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी की भी है। ये गुरुदेव का सम्मान है, भारत का सम्मान है। जून के महीने में दो कैरेबियाई देश सूरीनाम तथा सेंट विंसेंट और द ग्रेनेडाइंस ने अपनी भारतीय विरासत को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया।

## बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में भी भाजपा का विजय अभियान जारी रहेगा : विनोद

**गोपेश्वर। एजेंसी**



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल ने कहा कि जनता मन बना चुकी है कि भाजपा ही वह पार्टी है जो उनका विकास चाहती है और कर सकती है। जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीता कर यह साबित कर दिखाया है। लोकसभा चुनाव की तरह इस उपचुनाव में भी भाजपा का विजय अभियान जारी रहेगा।

प्रदेश प्रवक्ता सुयाल ने रविवार को गोपेश्वर में बदरीनाथ से भाजपा उम्मीदवार राजेंद्र भंडारी के समर्थन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा उम्मीदवार लंबे समय से बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने इस विधानसभा में कई विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है। यहां हम सबने डबल इंजन लगाना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड राज्य को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का काम कर रहे हैं। आज उत्तराखंड कई क्षेत्रों में मॉडल राज्य के रूप में आगे आया है।

उन्होंने कहा कि जनता की मांग पर काम करते हुए सरकार ने सबसे पहले प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किया। यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है और इसका गौरव प्रत्येक उत्तराखंडवासी को प्राप्त है। धामी सरकार ने राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिससे अब सरकारी नौकरियों में पूर्ण पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं। अब परिश्रम करने वाले छात्र परीक्षा में पास हो रहे हैं। कड़े आदेशों पर राज्य में सरकारी जमीनों पर हुए अतिक्रमण हटाने का काम निरंतर जारी है। अभी तक प्रदेश भर में पांच हजार एकड़ जमीन पर अतिक्रमण हटाया गया है। हल्द्वानी के बनपुरा में कुछ लोगों ने दंगा करने का प्रयास किया था, अब इस तरह की घटना फिर से ना हो उसके लिए मुख्यमंत्री ने दंगारोधी कानून लागू किया गया है।

उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के लोगों का लोककल्याण के कार्यों से कोई लेना-देना नहीं है।

## पुजारी के हमलावरों को बख्शा नहीं जाएगा : मूलचंद शर्मा

**फरीदाबाद। एजेंसी**



फरीदाबाद में स्थित जनता कॉलोनी में घर के बाहर सोए हुए बीजेपी के कार्यकर्ता और काली जनता कॉलोनी में मंदिर के पुजारी रवि भगत की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। उन पर रात को सोते हुए कुछ बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया था। इस बीच हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवार को अस्पताल में पहुंच कर घायल रवि भगत का हाल जाना और उनके परिवार से बातचीत की। उन्होंने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है।

एक-एक आरोपी को उठाकर जेल में डाला जाएगा। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि लंबे ऑपरेशन के बाद अभी रवि भगत आइसीयू में उपचाराधीन है। शर्मा ने कहा जिला हो या प्रदेश किसी के साथ भी ऐसी वारदात करने वालों से सरकार सख्ती से निपटेगी। 28 जून की रात भाजपा कार्यकर्ता और मंदिर के पुजारी रवि भगत पर चार बदमाशों ने चाकू और नुकीली चीज से हमला कर दिया था। रवि की पत्नी पुष्प कश्यप द्वारा शोर मचाने पर आरोपी मौके का फायदा उठाकर भाग गए थे। इसके बाद से रवि भगत को फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रवि भगत की हालत अभी स्थिर बनी हुई है। फिलहाल रवि भगत का आईसीयू में इलाज चल रहा है। वहीं सारन थाना पुलिस ने हमला करने वाले मेहताब, गोलू, इकबाल, साजिद व गोलू वाधवा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### गाड़ी की चपेट में आने से बाईक सवार की मौत

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में रतिया रोड पर अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने रविवार को केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जमालपुर स्टेशन के पास बनी ढाणी में रहने वाली महिला सीतो देवी ने कहा है कि वह अपने पति हंसराज के साथ जीरी लगाने के लिए गई हुई थी। शाम को जब वह वापस घर आई तो उसका पति टोहाना से परचून का सामान लेने की बात कहकर मोटरसाइकिल पर चला गया। जब वह टोहाना से वापस ढाणी आ रहा था तो रास्ते में नई अनाज मंडी, रतिया रोड के पास अज्ञात गाड़ी का चालक गाड़ी को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए आया और मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार हंसराज गंभीर रूप से घायल हो गया।

## विकास

**भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद की स्टडी में निकलकर सामने आई यह बात**

# 2033 तक अयोध्या को विश्व का सर्वोत्तम शहर बनाएगी योगी सरकार

**लखनऊ। एजेंसी**

योगी सरकार वर्ष 2033 तक अयोध्या को विश्व का सर्वोत्तम शहर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसके लिए वहां संचालित विभिन्न परियोजनाओं में 85 हजार करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। यह बात उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा कराई गई एक स्टडी में सामने आई है। यह स्टडी भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआई), अहमदाबाद गुजरात ने की है। ईडीआई ने अपनी स्टडी में बताया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या का विकास इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन और सौंदर्यीकरण से जुड़े हुए मुख्यतः 27 बिंदुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इनमें से बहुत सारे प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं। वहीं कुछ पर अभी काम संचालित है, जिनके जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है।

- अयोध्या का विकास इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन और सौंदर्यीकरण से जुड़े हुए मुख्यतः 27 बिंदुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है



**इन 27 बिंदुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है विकास**

रोड और पार्किंग, रेल लाइन का दोहरीकरण, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट, गुप्तारघाट, मंदिर संग्रहालय, वैक्स संग्रहालय, सांध्य सरोवर, अयोध्या बाजार, 37 धार्मिक स्थलों का पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण, 25 पौराणिक एवं 39 चौराहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, साउंड लाइट शो के साथ वाटर स्पोर्ट्स और सरयू में क्रूज का संचालन, सरयू के घाटों पर 500 प्रीफैब शौचालय की स्थापना, परिक्रमा मार्गों का विकास, विभिन्न मंदिरों का सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास, 140 भाषाओं में मौसम का पूवार्नुमान, सोलर बोट्स का संचालन, 28 भाषाओं में पथ प्रदर्शक बोर्ड, हेलीकॉप्टर की सुविधा, ई-कार्ट सुविधा, दिव्यंगों एवं वृद्धजनों के लिए व्हीलचेयर, रेल ओवरब्रिज, लक्ष्मण पथ का निर्माण, सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, कैफेटेरिया एवं ओपन थियेटर की सुविधाएं, सफाई मित्रों की तैनाती और स्ट्रीट लाईट जैसे अन्य प्रोजेक्ट शामिल हैं।

**वैश्विक मानकों को ध्यान में रखकर बनी हैं परियोजनाएं**

ईडीआईआई स्टडी में इस बार की पुष्टि की गई है कि नव्य अयोध्या के विकास के लिए बनी परियोजनाएं विश्वस्तरीय हैं।

**पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा 12 को फतेहाबाद में**

# कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह: प्रहलाद

**फतेहाबाद। एजेंसी**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा 12 जुलाई को फतेहाबाद में सम्मेलन को संबोधित कर कार्यकर्ताओं में जोश का संचार करेंगे। हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान की अध्यक्षता में 12 जुलाई को दोपहर 2 बजे रतिया रोड स्थित शीश महल रिसोर्ट में यह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर कार्यकताओं में काफी उत्साह है। कांग्रेस नेता एकजुट होकर जोर-शोर से इसकी तैयारियों में जुटे हैं।



कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को पूर्व मुख्य संसदीय सचिव प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा के कार्यालय गिलांखेड़ा संवाद भवन में कांग्रेस नेताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रतिया के पूर्व विधायक स. जरनैल सिंह ने की। इस बैठक में पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा, पूर्व विधायक जरनैल सिंह, पूर्व विधायक स. निशान सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. विरेन्द्र सिवाच, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह, सुरेन्द्र लेगा, गोपाल चौधरी, आनंदवीर गिलांखेड़ा सहित अनेक कांग्रेस नेता मौजूद रहे। बैठक में सम्मेलन को लेकर कार्यकताओं की ड्यूटियां लगाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा 12 जुलाई को फतेहाबाद में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे लोकसभा चुनावों में कार्यकताओं की कड़ी मेहनत के चलते कांग्रेस को मिले अभूतपूर्व समर्थन के लिए कार्यकताओं का आभार जताएंगे। पूर्व विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन मुख्य रूप से प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए किया जा रहा है।

# कोहली ने की टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा

## एक नजर

### मन की बात के जरिए प्रधानमंत्री ने भारतीय ओलंपिक दल का किया उत्साहवर्द्धन



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में रविवार को 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय ओलंपिक दल का उत्साहवर्द्धन करते हुए शुभकामनाएं दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा मेरे प्यारे देशवासियो, अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। मुझे विश्वास है कि आप सब भी ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का इंतजार कर रहे होंगे। मैं भारतीय दल को ओलंपिक खेलों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूँ। हम सबके मन में टोक्यों ओलंपिक की यादें अब भी ताजा हैं। टोक्यो में हमारे खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने हर भारतीय का दिल जीत लिया था। टोक्यो ओलंपिक के बाद से ही हमारेएथलीट पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जी-जान से जुटे हुए थे। सभी खिलाड़ियों को मिला दें, तो इन सबने करीब नौ सौ अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। ये काफी बड़ी संख्या है। उन्होंने कहा साथियो, पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। निशानेबाजी में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों टीमें क्वालीफाइ कर चुकी हैं। भारतीय शॉटगन टीम में हमारी निशानेबाज बेटियाँ भी शामिल हैं।

### टीम को विश्व विजेता बनाने के साथ द्रविड़ ने कोच के रूप में खत्म किया अपना शानदार सफर



**नई दिल्ली।** साल 2007 के वनडे विश्वकप में वेस्ट इंडीज की धरती पर सितारों से सजी टीम इंडिया पहले ही राउंड में बाहर हुई तो कप्तान राहुल द्रविड़ की आंखों से आंसू निकल आए थे, शनिवार रात जब उसी सरजमीं पर टीम इंडिया टी-20 विश्वकप विजेता बनी तो कोच राहुल द्रविड़ भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए। कोहली ने जब द्रविड़ के हाथों में ट्रॉफी थमाई तो उन्हें पहली बार सार्वजनिक तौर पर खुशी से शोर मचाते देखा गया। इसी शानदार मोड़ पर रोहित शर्मा-विराट कोहली का टी-20 सफर खत्म हुआ और द्रविड़ का टीम इंडिया के मुख्य कोच का कार्यकाल। राहुल द्रविड़ को नवंबर 2021 में आधिकारिक तौर पर भारत का पूर्णकालिक मुख्य कोच जब बनाया गया तो इसकी यह कहते हुए कड़ी आलोचना हुई कि टेस्ट क्रिकेट के धुरंधर रहे द्रविड़ को तीनों फॉर्मेट का कोच बनाना कहां तक उचित है। कोहली, रोहित जैसे सितारों से भरी टीम इंडिया को द्रविड़ कुशलता से हैंडल कर पाएंगे, इसपर भी गहरा संदेह था। बैकग्राउंड में कोच के रूप में रवि शास्त्री के बेहतर रिकॉर्ड द्रविड़ के लिए अलग चुनौती थे। द्रविड़ का कार्यकाल नवंबर 2023 में वनडे विश्वकप के बाद ही खत्म हो गया था लेकिन टीम प्रबंधन ने टी20 विश्वकप तक उन्हें टीम के साथ बने रहने के लिए मना लिया।



**दिल्ली। एजेंसी**

टी20 क्रिकेट में टीम इंडिया के दूसरी बार विश्वविजेता बनने की खुशी के साथ ही भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए आंखें नम कर देने वाली भी एक खबर है। टी20 विश्वकप 2024 के फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बनने के साथ ही विरोट कोहली ने टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में 76 रनों की पारी खेलने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। मैच के बाद कोहली ने कहा यह मेरा आखिरी टी20 वर्ल्ड कप था और हम यही हासिल करना चाहते थे। एक दिन आपको लगता है कि आप रन नहीं बना पा रहे, तो कई चीजें घटित होती हैं। ईश्वर महान है, और जिस दिन टीम के लिए महत्वपूर्ण दिन था उस दिन मैंने टीम के लिए काम को पूरा किया।

### भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराकर विश्वकप का खिताब अपने नाम किया

कोहली ने आगे कहा कि अभी नहीं तो कभी नहीं, भारत के लिए यह मेरा आखिरी टी20 मैच था। मैंने इसका भरपूर फायदा उठाना चाहा और सफल भी रहा। कप उठाना चाहता था, स्थिति को मजबूर करने के बजाय उसका सम्मान करना चाहता था। यह एक खुला रहस्य था, अब अगली पीढ़ी के कार्यभार संभालने का समय आ गया है, कुछ अद्भुत खिलाड़ी टीम को आगे ले जाएंगे और ध्वज को ऊंचा लहराएंगे। बतादें कि वेस्टइंडीज के बारबाडोस में खेले गए 2024 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराकर विश्वकप का खिताब अपने नाम किया है। जहां मैन ऑफ द मैच कोहली को चुना गया, वहीं मैन ऑफ द सीरीज का खिताब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नाम रहा। भारतीय टीम पहली ऐसी टीम भी बनी है, जो विश्वकप के एक संस्करण में एक भी मैच नहीं हारी। टी20 विश्वकप 2024 के पूरे टूनामेंट में टीम इंडिया अपराजेय रही।

## एक युग का अंत : रोहित शर्मा ने भी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली। एजेंसी**

रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ मिलकर बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक फाइनल में हराकर विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने पुष्टि की है कि वह वनडे और टेस्ट खेलना जारी रखेंगे। रोहित ने फाइनल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यह मेरा आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी था। इस प्रारूप को अलविदा कहने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। मैंने इसके हर पल का लुत्फ उठाया है। मैंने अपना भारतीय करियर इसी प्रारूप में खेलते हुए शुरू किया था। मैं यही चाहता था, मैं कप जीतना चाहता था। मैं यह बहुत चाहता था। शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। यह मेरे लिए बहुत भावुक पल था। मैं अपने जीवन में इस खिताब के लिए बहुत बेताब था। खुश हूं कि हमने आखिरकार यह मुकाम हासिल कर लिया। रोहित ने इस प्रारूप से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में संन्यास लिया है। उन्होंने 159 मैचों में 4231 रन रन बनाए हैं, साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा शतक (पांच) का रिकॉर्ड भी उनके नाम है।



रोहित ने दो टी20 विश्व कप खिताब जीते हैं, 2007 में खिलाड़ी के तौर पर पहला खिताब और अब 2024 में कप्तान के तौर पर रोहित और कोहली का टी20 प्रारूप से संन्यास लेना पूरी तरह से अप्रत्याशित नहीं था। दोनों खिलाड़ियों ने 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत की हार के बाद कोई टी20 मैच नहीं खेला था और इस साल जनवरी में ही 2024 टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस प्रारूप में खेलना शुरू किया। रोहित ने टूर्नामेंट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में अपना प्रदर्शन जारी रखा उन्होंने, टूर्नामेंट में 156.70 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाए वो भी अमेरिका और वेस्टइंडीज में मुश्किल बल्लेबाजी परिस्थितियों में। उन्होंने अपने आक्रामक दृष्टिकोण से भारत को तेज शुरूआत देने की जिम्मेदारी ली और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने आखिरी सुपर आठ गेम और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में महत्वपूर्ण मैच जीतने वाले अर्धशतक बनाए।

## ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास लिया

**बारबाडोस। एजेंसी**

ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास की घोषणा कर दी है हालांकि वह अन्य प्रारुपों में खेलते रहेंगे। जडेजा ने ड्रेसिंग रूम में विश्व कप ट्रॉफी के साथ अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए सोशल मीडिया के जरिये अपने संन्यास की जानकारी दी है। इससे पहले भारतीय टीम की जीत के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की थी। इस प्रकार अब तक तीन खिलाड़ियों ने खेल को अलविदा कह दिया है।



जडेजा ने लिखा, मैं गर्व के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को अलविदा कहता हूं। मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का प्रयास किया है। वहीं अन्य प्रारूपों में अब भी मैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करता रहूंगा। साथ ही कहा कि टी20 विश्व कप जीतना एक सपना सच होने जैसा था, मेरे टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का एक शिखर।

यादों, जयकारों और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद। जडेज ने टीम में जगह मिलने के बाद से ही लंबा सफर तय किया है। इस बार हालांकि वह अपने नाम के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये। फरवरी 2009 में श्रीलंका के खिलाफ पदार्पण करने के बाद से उन्होंने 74 मैचों खेलते हुए कुल 515 रन बनाए हैं और 54 विकेट लिए हैं। बल्लेबाजी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साल 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ रहा जिसमें उन्होंने 29 गेंदों में46 रन बनाएथे। वहीं गेंदबाजी करते हुए उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 2021 टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड के खिलाफ था, जिसमें उन्होंने 15 रन देकर तीन विकेट लिए थे। जडेजा आक्रामक बल्लेबाजी , स्पिनर गेंदबाजी के अलावा अपनी शानदार फिल्डिंग के लिए भी जाने जाते हैं।

## टी-20 विश्व विजेता बनने के साथ टीम इंडिया को मिली रिकॉर्ड पुरस्कार राशि

**नई दिल्ली। एजेंसी**

बारबाडोस में खेले गए टी-20 विश्वकप फाइनल में शनिवार रात टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हरा कर 17 साल बाद टी-20 का विश्व विजेता बना। इस शानदार जीत के साथ टीम इंडिया ने 20.36 करोड़ रुपये (2.45 मिलियन यूएस डॉलर) की भारी-भरकम पुरस्कार राशि भी अपने नाम कर ली। आईसीसी की घोषणा के मुताबिक टी-20 की विश्व विजेता बनी भारतीय टीम को 20.36 करोड़ रुपये (2.45 मिलियन यूएस डॉलर) मिले। पिछले किसी भी टी-20 विश्वकप विजेता टीम को इतनी बड़ी पुरस्कार राशि नहीं मिली। उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को 10.64 करोड़ रुपये (1.28 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मिले। सेमीफाइनल खेलकर बाहर होने वाली टीमों को 6.54 करोड़ रुपये (787,500 यूएस डॉलर) मिले। उल्लेखनीय है कि इस साल टी-20 विश्वकप में कुल 20 टीमें शामिल थीं। इस वजह से यह अब तक का सबसे बड़ा टी-20 विश्वकप रहा। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही आईसीसी ने पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए प्राइज मनी का बजट 93.51 करोड़ रुपये (11.25 मिलियन यूएस डॉलर) रखा था। यह पिछले सभी आईसीसी टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट से ज्यादा है। पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्वकप में प्राइज मनी का बजट 82.93 करोड़ रुपये (10 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था।




## चक दे इंडिया: पूर्व क्रिकेट सितारों ने टीम इंडिया की तारीफों के पुल बांधे



**नई दिल्ली। एजेंसी**

टी-20 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत पर पूर्व क्रिकेट सितारों ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया की जमकर तारीफ करते हुए शुभकामनाएं दीं। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भारतीय टीम को बधाई देते हुए लिखा- 'चक दे इंडिया। टीम इंडिया की जर्सी में मौजूद हर सितारा देश के बच्चों को अपने सपनों की तरफ कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। भारत को चौथा विश्व कप मिला, टी-20 में दूसरा। वेस्ट इंडीज में भारतीय क्रिकेट का जीवन पूर्ण हो गया है। 2007 वनडे विश्वकप में हमारे खराब प्रदर्शन से लेकर उसी जगह क्रिकेट की ताकत बनने और 2024 में टी-20 विश्वकप जीतने तक, जीवन ने क्या मोड़ लिया है।

मेरे दोस्त राहुल द्रविड़ के लिए बहुत खुश हूं, जो 2011 विश्वकप जीतने से चूक गए, लेकिन इस टी-20 विश्वकप जीत में उनका योगदान बहुत बड़ा रहा है। मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। रोहित के बारे में कोई क्या कह सकता है। शानदार कप्तानी! टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने लिखा- 'रोहित शर्मा और टीम को बधाई। क्या शानदार जीत। बुमराह का शानदार प्रदर्शन। विराट, अक्षर, हार्दिक सभी ने अच्छा खेला। राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ को बधाई। धोनी ने इंस्टाग्राम पर लिखा- 'विश्व कप चैंपियन 2024। मेरी दिल की धड़कनें तेज हो गई थीं। शांतचित्त होकर, आत्मविश्वास बनाए रख कर भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। पूर्व कप्तान और पूर्व कोच अनिल कुंबले ने लिखा- 'बधाई टीम इंडिया। शानदार जीत। पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने लिखा, 'ये मेरा इंडिया। हम चैंपियन हैं।

टीम पर गर्व है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने लिखा- 'टीम इंडिया को टी-20 विश्व चैंपियन बनने पर बधाई। टूनामेंट की सर्वश्रेष्ठ और अपराजेय टीम। हर खिलाड़ी बधाई का पात्र है।' टीम इंडिया के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह ने लिखा, 'आखिर तुमने कर दिखाया। हार्दिक पंड्या तुम हीरो हो। जसप्रीत बुमराह एक ओवर में भारत को मैच में लौटाया। रोहित शर्मा के लिए बहुत खुश हूं। दबाव में शानदार कप्तानी। कोहली, द्रविड़ और पूरी टीम को बधाई। सूर्या ने क्या कैच लपका।' पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने लिखा, 'ये मेरा इंडिया। हम चैंपियन हैं। टीम पर गर्व है।'

### नजीर, पवन ने टी20 विश्व कप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को दी बधाई



**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर और उपमुख्यमंत्री के पवन कल्याण ने टी20 विश्व कप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को रविवार को बधाई दी। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी शानदार जीत के लिए कप्तान रोहित शर्मा और पूरी भारतीय टी20 क्रिकेट टीम को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि पूरे देश और लोगों को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है तथा वह उन्हें भविष्य में ऐसी और भी उपलब्धियों की कामना करते हैं। उपमुख्यमंत्री ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीतने के लिए क्रिकेट टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इंडिया क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कप जीत लिया। भारतीय टीम ने दबाव से उबरकर कप जीता है। उन्होंने कामना की कि भारतीय क्रिकेट टीम भविष्य में भी इसी भावना को जारी रखेगी और अधिक टूर्नामेंट जीतेगी।

# वाणिज्य

## विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच आईआईपी, पीएमआई और वाहन बिक्री के आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई। एजेंसी**

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रिलायंस और अल्ट्रासिमको की उड़ान के साथ ही नयी सरकार में चालू वित्त वर्ष के लिए पेश होने वाले बजट से सबकी उम्मीदें पूरी होने की आस लगाए निवेशकों की लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह 2.4 प्रतिशत तक चढ़े घरेलू बाजार की अगले सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी), पीएमआई और वाहन बिक्री के जारी होने वाले आंकड़ों पर नजर रहेगी।



बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1822.83 अंक अर्थात 2.4 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 79032.73 अंक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 509.5 अंक यानी 2.2 प्रतिशत की उड़ान भरकर पहली बार 24 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 24010.60 अंक पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई।

इससे मिडकैप 191.3 अंक अर्थात 0.42 प्रतिशत बढ़कर सप्ताहांत पर 46158.35 अंक और स्मॉलकैप 193.9 अंक यानी 0.4 प्रतिशत की तेजी के साथ 52130.41 अंक हो गया।

विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह पेट्रोलियम समेत अलग-अलग क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की चार प्रतिशत से अधिक की छलांग से शेयर बाजार को पंख लग गए। इसी तरह इंडिया सीमेंट में 23 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा के बाद अल्ट्रासिमको के शेयरों के पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी ने भी बाजार को एक बार फिर नया रिकॉर्ड बनाने में मदद किया। अगले सप्ताह इस वर्ष जून के आईआईपी के साथ ही विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र के पीएमआई का आंकड़ा जारी होने वाला है। इन आंकड़ों का बाजार पर असर दिखेगा। विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर पेट्रोलियम समेत अलग-अलग क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की चार प्रतिशत से अधिक की छलांग से बुधवार को सेंसेक्स 620.73 अंक चढ़कर 78,674.25 अंक और निफ्टी 147.50 अंक मजबूत होकर 23,868.80 अंक पर रहा।

### जून में वाहनों की हुई बिक्री के आंकड़े भी जारी

इसके अलावा अगले सप्ताह जून में वाहनों की हुई बिक्री के आंकड़े भी जारी होने वाले हैं। बाजार को दिशा देने में इन आंकड़ों की भी अहम भूमिका रहेगी। बीते सप्ताह घरेलू बाजार में चार दिन तेजी जबकि एक दिन गिरावट रही। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंडस्ट्रियल्स, ऑटो, कैपिटल गुड्स और पावर समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 131.18 अंक उछलकर 77,341.08 अंक और निफ्टी 36.75 अंक की बढ़त के साथ 23,537.85 अंक हो गया। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नयी सरकार में चालू वित्त वर्ष के लिए पेश होने वाले बजट से सबकी उम्मीदें पूरी होने की आस लगाए निवेशकों की वित्तीय सेवाएं, आईटी, बैंकिंग और टेक समेत सात समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 712.44 अंक की छलांग लगाकर 78,053.52 अंक और निफ्टी 183.45 अंक उछलकर 23,721.30 अंक पर बंद हुआ।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्तहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.34 प्रतिशत गिरकर 81.46 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 1.73 प्रतिशत उतरकर 84.84डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर से बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर



**मुंबई। एजेंसी**

स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी होने से 21 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर कम होकर 652.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 21 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.6 डॉलर की गिरावट के साथ 574.1 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 98.8 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 56.95 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.05 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 90 लाख डॉलर की कमी के साथ 4.57 अरब डॉलर रह गया।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की पीडब्लूडी के कार्यों की समीक्षा

## गांरटी अवधि में सड़क खराब होने पर ठेकेदार से तत्काल ठीक करवाएं सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करवाएं : उपमुख्यमंत्री,दीया कुमारी

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को शासन सचिवालय स्थित उपमुख्यमंत्री कार्यालय के सभागार में सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की।
उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि डिफेक्ट लाईबलिटी पीरियड में यदि निर्माण कार्य में कोई गुणवत्ता सम्बंधित शिकायत मिलती है तो सम्बंधित ठेकेदार से उसको तत्काल ठीक करवाया जाए। उन्होंनें कहा कि कई बार ऐसी शिकायते मिलती है कि सड़क बनाने के कुछ दिनों बाद ही खराब हो गई।
उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से कार्यों की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग होनी चाहिए। निर्माण





कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर सम्बंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश भी उन्होंने दिए। उन्होंने प्रजेन्टेशन के माध्यम से नेशनल हाईवे,स्टेट हाईवे,एमडीआर,ग्रामीण सड़कों, अन्य सड़कों सहित विभिन्न निर्माणाधीन पूलों एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नेशनल हाईवे पर दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों को चिन्हित कर एनएचएआई के अधिकारियो के साथ समन्वय कर उनके समाधान के निर्देश दिए।

### बरसात के मौसम में अलर्ट रहने के निर्देश

» उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। यदि कहीं जलभराव एवं सड़क कटने की शिकायत मिलती है या स्थानीय अधिकारियों को ऐसा अंदेशा है तो वहां पहले से ही माकूल व्यवस्था होनी चाहिए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे फील्ड के अधिकारियों के माध्यम से अपने क्षेत्रों कि नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने बजट घोषणाओं सहित अन्य घोषणाओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव पीडूब्लूडी संदीप वर्मा , विभाग के सचिव संजय माथुर सहित विभाग के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान खेल महाकुंभ-2024 का शुभारम्भ

चमकता राजस्थान

जयपुर। नगर निगम अजमेर व क्रीडा भारती अजयमेरू द्वारा आयोजित होने वाले सम्राट पृथ्वीराज चौहान खेल महाकुंभ -2024 का विधिवत शुभारम्भ ध्वजारोहण व मशाल जला कर किया गया!
मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी व स्वायत शासन मंत्री जाबर सिंह खर्रा द्वारा किया गया
इस खेल महाकुम्भ मे 4000 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे है
कार्यक्रम से पूर्व वृक्षारोपण किया और कहा कि प्रधानमंत्री ने को एक पेड़ मां के नाम अभियान का आगाज किया है इसमें हम सभी को सहभागी बनना चाहिए और वृक्ष का पालन इस प्रकार जिस प्रकार हमारी मां हमारा लालन पालन करती है
विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि जो कोई भी खेल गतिविधियों में रुचि रखता है, वह जीवन के किसी भी खेल से कभी हार नहीं मानता या हार नहीं मानता। खेल और खेलों में भाग लेना उन्हें एक टीम खिलाड़ी बनना सिखाता है, जिसका रवैया हमेशा ध्यान का केंद्र बनने का होता है। खेल और खेल आत्मविश्वास बढ़ाने वाली गतिविधियाँ हैं और बच्चों को बहुत मज़ा भी देते हैं,खेलकुद को अतिरिक्त या मनोरंजक गतिविधियों के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि ये उससे कहीं अधिक हैं, कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के खेलों में जाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए और उन्हें केवल एक खेल में ही नहीं बल्कि उससे अधिक खेलो को खेलने का मौका दिया जाना चाहिए, ताकि वे रुचि के साथ अपने पसंदीदा खेल के क्षेत्र में अपना करियर बना सकें। खेलकुद न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि ये



एक खिलाड़ी को कई चीजें भी सिखाता हैं जो उसे जीवन में एक बेहतर इंसान बनने में उसकी मदद करता हैं। खेल एक खिलाड़ी को, जीवन के वैकल्पिक चरणों पर प्राप्त सफलता और असफलता से साझा करने की कला, सामूहिक रूप से किसी समस्या से निपटने, बैक अप लेने तथा महत्वपूर्ण परिस्थितियों में एक दूसरे की मदद करना सिखाता हैं। यह उनके नेतृत्व और टीम के साथ काम करने के गुणों को भी निखारता है। स्वायत शासन मंत्री जाबर सिंह खरा ने कहा कि खेलने के लिए प्रत्येक दिन कुछ समय निकालना चाहिए। खेल आपको स्वस्थ शरीर और दिमाग के साथ बेहतर ध्यान लगाकर पढ़ाई करने में भी मदद करेगा, परन्तु खेलकुद को आज के समय में माध्यमिक माना जाता है क्योंकि हर कोई उच्चतम अंक स्कोर करने और प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने में लगा हुआ है। उन्हें ये समझ में नहीं आता कि अध्ययन खेल से बाधा नहीं बनता बल्कि ये उन्हें आशावादी बने रहने और प्रतिस्पर्धी भावना को सकारात्मक बनाए रखने में मदद करता हैं। इसलिए, खेलकुद के संबंध में लोगों के बीच अधिक जागरूकता पैदा की जानी चाहिए और इसे अपने मित्रों तथा परिवारों के बीच साझा करना चाहिए, क्योंकि वो ही सबसे पहले उन्हें प्रोतसाहित करते हैं। इसे किसी भी तर-ह से समय की बर्बादी नहीं मानना चाहिए, बल्कि इसे एक गुण के रूप में देखा जाना चाहिए जो जीवन के हर क्षेत्र में सदैव उनकी मदद करगा।
खेल के लिए प्रधानमंत्री ने भी आज मन की बात मे कहा अभी से आलोंपिक में तैयारी करने के लिए कहा ये बताता है हमारा देश खेलो मे लगातार आगे बढ़ने वाला,साथ ही हमे लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देना चाहिए,हमारे देश मे कई महत्वपूर्ण चीजो का उत्पाद कर देश को ओर मजबूत कर सकते है और देश को आगे बढ़ाने मे अपनी भूमिका निभा सकते है
हमारा निगम ही आज प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत अभियान पर सर्वाधिक कार्य कर रहा है
विशिष्ट अतिथि के रूप में धरोहर एव प्रद्धोनिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि आज हमारे लिए हर्ष की बात है निगम द्वारा शहर के लिए शहर की आन बान शान सम्राट पृथ्वीराज चौहान के नाम से प्रतियोगिता आयोजित करवा रहा है,आज निगम सामाजिक सरोकार के जो कार्य कर रहा है वो साधुवाद के पात्र है!
खेलकुद एक व्यक्ति के दिमाग को स्वस्थ और सक्रिय रखने में मदद करता हैं। जिसके कारण उनकी नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है और सभी जगहों पर सकारात्मक ऊर्जा फैल जाती है। यह लोगों को मजबूत, आत्मविश्वासी और कुशल बनाता हैं तथा उसके मानसिक एवं शारीरिक विकास और चरित्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। आज बेहद सफल और प्रसिद्ध खिलाड़ी जैसे अभिनव बिंद्रा, साइना नेहवाल, ज्वाला गुट्टा, सचिन तेंदुलकर, मिल्खा सिंह और सानिया मिर्जा ने अपने जुनून को हासिल करने के लिए खुद को अपने रुचि खेल की ओर समर्पित कर दिया। उनके ध्यान, कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता ने उन्हें आज प्रतिष्ठित व्यक्ति के रुप में विश्व प्रख्यात कर दिया,उन्होंने जीवन के शुरुआती दिनों में खेलकुद के महत्व को महसूस किया और उसे बहुत गंभीरता से लिया
कार्यक्रम संयोजक व उपमहापोर नीरज जैन ने बताया कि आज योगा पटेल स्टेडियम मे, वॉलीबाल पटेल स्टेडियम में , फुटबॉल पटेल स्टेडियम मे,शूटिंग करणी शूटिंग लोहगाल, बैडमिंटन इंडोर मे शुभारभ हुआ,कल दिनांक 1 जुलाई 2024 दूस-रे दिन शतरंज का शुभारंभ और आज हुई प्रतियोगिताओं का सेकेंड राऊंड आहूत होगा!
कार्यक्रम में महापौर ब्रजलता हाड़ा,आयुक्त देशदान सिंह चारण पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई,सहित सभी पार्षदगण, अधिकारीगण, कर्मचारी,खिलाड़ी सहित सभी खेल प्रेमी उपस्थित रहे

# किसानों को 12000 प्रति वर्ष सम्मान निधि देने के वादे से पलटी भाजपा सरकार : डोटासरा

चमकता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने टोंक में आयोजित समारोह में 65 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि योजना के तहत राशि जारी करने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान के विधानसभा चुनाव में किसानों से रुपये 12000 प्रति वर्ष किसान सम्मान निधि देने का वादा किया था, किंतु हाल ही में मुख्यमंत्री ने इसे बढ़ाकर मात्र रुपये 8000 किया है। 2000 की बढ़ोतरी करने के बावजूद भी पूरी राशि किसानों को प्रदान नहीं की गई केवल 1000 की राशि ही किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदान कर किसानों के साथ वादा खिलाफी की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजस्थान सरकार ने बड़े-बड़े विज्ञापन समारोह आयोजित करवा दिए, किंतु किसानों के साथ किया गया वादा नहीं निभाया।
डोटासरा ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के जरिए अपने संकल्प पत्र में गेहूं के समर्थन मूल्य पर 300रुपए बोनस देने का किसानों से वादा किया था, किंतु उस वादे को भी नहीं निभाया है और राजस्थान के किसानों के साथ वादा खिलाफी की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पूर्व किसानों के कर्ज को लेकर खूब बयान दिए थे किंतु भाजपा ने सत्ता में आने के बाद किसान का एक पैसा भी माफ नहीं किया, उल्टा भाजपा सरकार के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा जी ने कहा




कि कर्ज नहीं चुकाना किसान की आदत हो गई है, इतना ही नहीं बीजेपी सरकार ने श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के किसानों की जमीन कुर्की का आदेश दे दिए, जिसे कांग्रेस के दबाव में वापस लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि 19000 किसानों की जमीन कुर्की पर मुआवजा देने का वादा भी भाजपा ने चुनाव में किसानों से किया था किंतु इस वादे को भी भारतीय जनता पार्टी भूल गई। डोटासरा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 21 लाख किसानों का 14000 करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया था और किसानों को राहत प्रदान करते हुए घरेलू बिजली के अलावा 2000 यूनिट कृषि कनेक्शन पर बिजली निःशुल्क प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2020 में विधेयक लाकर 5 एकड़ तक कृषि भूमि नीलामी से रोकने के लिए कानून पारित किया था जो आज भी केंद्र सरकार के समक्ष अनुमोदन हेतु लंबित है। इससे स्पष्ट है कि किसानों की जमीन नीलामी रोकने को लेकर भाजपा की मंशा साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जो कहा वह करके दिखाया, किंतु भाजपा का काम सिर्फ झूठ बोलकर जनता को भ्रमित करते हुए सत्ता हासिल करने का ही उद्देश्य रहा है।
उन्होंने कहा कि भाजपा ने वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव से पूर्व जारी घोषणा पत्र में किसानों को लागत से डेढ़ गुना एमएसपी देने का वादा किया था, जो पूरा नहीं किया उसके पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की आय दुगुनी करने का वादा किया था, किंतु आय की बजाय किसानों की लागत दुगुनी कर दी और किसानों के हितों पर कुठाराघात करते हुए तीन काले कृषि कानून थोप दिए, जिसे किसानों के आंदोलन के पश्चात वापस लिया गया। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन में 750 से अधिक किसानों की शहादत हुई किंतु समझौते में एमएसपी को कानून बनाने का वादा केंद्र की भाजपा सरकार ने नहीं निभाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कि मोदी सरकार में मंत्री रहे अजय मिश्रा टेनी के पुत्र ने किसानों को गाड़ी से कुचला, भाजपा नेताओं ने किसानों को अपशब्द कहे, इसे अन्नदाता कभी भूलेगा नहीं।

## बृहस्पति धाम मंदिर के लिए लगाया दिशा सूचक

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** बृहस्पति धाम मंदिर में दर्शनार्थियों की सुविधार्थ महारानी फार्म हाउस रोड डालडा फैक्ट्री फ्लाईओवर के आगे दिशा सूचक निगम पार्षद वार्ड 81 जय वशिष्ठ के सानिध्य में समाज सेवी संगीता व्यास एवं विनोद व्यास की उपस्थिति में लगवाया गया।
इस दिशा सूचक से बृहस्पति धाम मंदिर के भक्तों को काफी सुविधा होगी। जयपुर में बृहस्पति धाम मंदिर महारानी फार्म हाउस रोड डालडा फैक्ट्री फ्लाईओवर के आगे ही स्थापित है।
बृहस्पति धाम मंदिर का निर्माण 7 जुलाई 2009 को पूरा हुआ था। मंदिर जयपुर में स्थित है, जो जयपुर के पुराने शहर से ज्यादा दूर नहीं है और जयपुर हवाई अड्डे से 10 मिनट की दूरी पर है। यह द्रव्यवती नदी के तट पर स्थित है, जो पूरे शहर में बहती है। भगवान देव गुरु बृहस्पति को समर्पित एक सुंदर मंदिर बनाने का निर्णय गुरु नरेंद्र शर्मा ने लिया था। गुरु नरेंद्र शर्मा को एक दर्शन हुआ जिसमें भगवान देव गुरु बृहस्पति ने उन्हें भगवान बृहस्पति के लिए एक भव्य मंदिर बनाने का निर्देश दिया था। यह कार्य, गुरु नरेंद्र शर्मा ने भगवान बृहस्पति के आशीर्वाद से 45 दिनों के भीतर पूरा किया। हालाँकि, मंदिर अभी भी पूरी तरह से बनने से बहुत दूर था। साल दर साल भक्तों ने मंदिर में बदलाव देखे, चाहे बड़े हों या छोटे, ये बदलाव या सुधार स्पष्ट रूप से दिखाई देते थे।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की भगवान सिंह रोलसाहबसर से भेंट!



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक श्री भगवान सिंह रोलसाहबसर से संघ शक्ति कार्यालय पहुंचकर कुशलक्षेम पूछी!

## केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का समापन

# भविष्य में प्रदेश के खेल चढेंगे परवान: केके विश्नोई

## खेलों इंडिया यूथ गेम्स की तर्ज पर खेलों राजस्थान यूथ गेम्स करेंगे आयोजित

चमकता राजस्थान

जयपुर। आने वाले समय में राजस्थान के खेलो की दशा और दिशा में बदलाव देखने को मिलेगा। इस तरह का बदलाव आगामी बजट में किया जायेगा कि उसमें रूढिवादिता के परे नये नवाचार दिखाई देंगें, जिससे भविष्य में खेलो के विकास को गति मिलेगी, यह बात खेल राज्य मंत्री केके विश्नोई ने रविवार को सवाई मानसिंह इण्डोर स्टेडियम में 64वां केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह के अवसर पर कही।
खेल राज्य मंत्री ने कहा कि 10 करोड की लागत से जयपुर में सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स फोर स्पोर्ट्स भी स्थापित किया जायेगा। साथ ही जयपुर, भरतपुर एवं उदयपुर में बालिकाओं के लिए रेजीडेन्शियल गर्ल्स स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट प्रत्येक के लिये 25 करोड़ रुपये की राशि से स्थापित किया जायेगा।
उन्होने कहा कि प्रति वर्ष ''खेलों इंडिया यूथ गेम्स'' की तर्ज पर ''खेलों राजस्थान यूथ गेम्स'' का आयोजन करेंगे। पिछले दस सालो में देश ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते है। अब प्रदेश की नई खेल नीति से खिलाडियों को अधिक सुविधाऐ देने का प्रयास करेगें।
20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विश्नोई ने शिविर में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि जब आप यहा से अपने-अपने घरो को जाये तो अपने अनुभव दोस्तो व साथियों के साथ शेयर करेगें तो उन्हे भी प्रेरणा मिलेगी और भविष्य में वे भी इस प्रतिष्ठित कैम्प का हिस्सा बनने का प्रयास करेगें जिससे खेलो को प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रो में गति मिलेगी।
इससे पूर्व खेल परिषद के वित्तीय सलाहकार महावीर प्रसाद मीणा ने कहा कि खेलो में काफी स्कोप है। पहले क्रिकेट ही खेलो की धु-री थी लेकिन अब अन्य खेलो में भी स्कोप है। जबकी मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया ने खेल राज्य मंत्री से परिषद में खेल प्र-शिक्षको की भर्ती करने का आग्रह किया।
इस अवसर पर शिविर निदेशक सबल प्रताप सिंह ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इससे पूर्व जनसम्पर्क अधिकारी तेजराज सिंह, सहायक शिविर निदेशक श्रीमती मीना शर्मा व अतुल शर्मा सहित परिषद के प्रशिक्षको ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर खेल राज्य मंत्री ने शिविर में शामिल सभी 15 खेलो के सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिकाओं को सम्मानित किया।






### शिविर के सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका खिलाडी

एथलेटिक्सः हर्ष, चैतन, तीरंदाजीः हनी कुमावत, तनवी कटारा, बास्केटबालः एश्वर्य प्रताप, कोमल शेखावत, बॉक्सिगः प्रमोद, रिधिका सिंह, क्रिकेटः रमेश विश्नोई, कीर्ति सिंह, फुटबालः अबीर सिंह, शिवानी, जिम्नास्टिकः हर्ष चांवलिया, केशु प्रजापत, हैण्डबालः उपेन्द्र सिंह, कोमल, हॉकीः आर्यन पुरोहित, मनप्रीत कौर, खो-खोः शिवभानी यादव, नितु, कबड्डीः अरूण, वसुन्धरा, जूडोः पुष्कर, ज्योति सैनी, कुश्तीः प्रदीप दान, कौमल चौधरी, भारोत्तोलनः पवन शर्मा, हेमी, वॉलीबालः योगेश व सृष्टी

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929